CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
- डायलिसिस सुविधा उपलब्ध
- प्रोस्टेट एवं पथरी का इलाज दूरबिन पद्धति द्वारा
- आयुष्मान कार्ड द्वारा निः शुल्क ईलाज

बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.) मो.नं.- 9301033013



## नबन्ना प्रोटेस्ट: बंगाल में बवाल, कोलकाता की सड़कों पर छात्रों का हंगामा, बंगाल बंद को लेकर राज्य सरकार ने चेताया

कलकत्ता। पश्चिम बंगाल की राजधानी बंगलवार को बुधवार 27 अगस्त को आरजीकर मेडिकल कॉलेज रेप और मर्डर केस को लेकर जमकर हंगामा हुआ। छात्रों के नबन्ना अभियान के दौरान जबरदस्त हंगामा हुआ। प्रदर्शनकारियों ने कोलकाता पुलिस पर पत्थरबाजी की। इसके बाद बाद पुलिस ने भी तेवर दिखाए। प्रदर्शनकारियों पर पहले तो लाठी चार्ज किया। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, वाटर कैनन छोड़ा। इसके बाद प्रदर्शन कर रहे छात्र और भड़क गए।



### 100 से ज्यादा छात्र और 25 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल

प्रदर्शन के दौरान छात्रों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए लाठीचार्ज किया, पानी की बौछारें छोड़ीं और आंसू गैस के गोले दागे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस झड़प में 100 से ज्यादा छात्र और 25 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हो गए। कई छात्रों को हिरासत में लिया गया है। छात्रों की गिरफ्तारी के विरोध में बीजेपी ने बुधवार को 12 घंटे का बंगाल बंद बुलाया है।

### 'नबन्ना अभियान' बना संघर्ष का मैदान

कोलकाता में मंगलवार को छात्र संगठनों ने 'नबन्ना अभियान' के तहत पश्चिम बंगाल सचिवालय तक मार्च का आयोजन किया। इस प्रदर्शन का मकसद आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुए रेप-मर्डर केस के खिलाफ आवाज उठाना था। छात्रों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग की। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने इस प्रदर्शन को हिंसा भड़काने का प्रयास बताया और कोलकाता पुलिस ने इसे अवैध करार देते हुए नबन्ना क्षेत्र में निषेधाज्ञा जारी की।

### ममता सरकार ने बंगाल बंद को लेकर दी चेतावनी

बीजेपी ने छात्रों की गिरफ्तारी के खिलाफ 12 घंटे के बंगाल बंद का ऐलान किया है। इस पर ममता सरकार ने साफ किया कि बुधवार को राज्य में सामान्य कामकाज जारी रहेगा। उन्होंने सरकारी कर्मचारियों को दफ्तर आने का निर्देश दिया और अनुपस्थिति पर कार्रवाई की चेतावनी दी। सरकार ने इस बंद को असंवैधानिक बताया और लोगों से इस बंद का समर्थन नहीं करने की अपील है।

### सुप्रीम कोर्ट की अपील के बाद भी प्रदर्शन जारी

आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 8 अगस्त को एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर के बाद यह मामला गरमा गया है। 9 अगस्त की सुबह डॉक्टर का शव मिला, जिसके बाद देशभर के डॉक्टरों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। सुप्रीम कोर्ट की अपील के बाद कई अस्पतालों में हड़ताल रद्द कर दी गई, लेकिन छात्रों का प्रदर्शन अब भी जारी है।

### विपक्ष ने की शांतिपूर्ण प्रदर्शन की मांग

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने ममता सरकार से छात्रों के साथ शांतिपूर्ण बातचीत करने की मांग की। उन्होंने कहा कि विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस को मिलकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से हो। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध कब्जों पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता, अतिक्रमण हटाने को जारी किए दिशानिर्देश



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से देश के राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य राजमार्गों पर अतिक्रमण और अवैध कब्जों पर चिंता जताई है। साथ ही सर्वोच्च अदालत ने मंगलवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह राष्ट्रीय राजमार्गों पर अतिक्रमण का नियमित मुआयना करने और अतिक्रमण हटाने के लिए टीमें गठित करें। इसके साथ ही वह एक पोर्टल बनाएं जहां लोग राष्ट्रीय राजमार्गों पर अतिक्रमण के बारे में शिकायत कर सकें और उसकी फोटो अपलोड कर सकें। ये निर्देश जस्टिस अभय एस. ओका व अगस्टिन जार्ज की पीठ ने राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर अतिक्रमण के संबंध में सुनवाई के दौरान दिए।

पीठ ने पोर्टल का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश देने के अलावा सरकार से एक टोल फ्री नंबर भी जारी करने को कहा है जिस पर लोग राजमार्गों पर अतिक्रमण की शिकायत कर सकें। इस मामले में कोर्ट नेशनल हाई वे (लैंड एंड ट्रैफिक) एक्ट 2002 के प्रावधान लागू करने और राजमार्गों से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग पर सुनवाई कर रहा था।

### टीमें अतिक्रमण हटाए जाने के लिए सक्षम अथारिटी को रिपोर्ट करें

सुनवाई के दौरान कोर्ट की मदद कर रही न्यायमित्र वकील स्वाती घिल्डियाल ने कहा कि मंत्रालय ने 18 मार्च 2020 को एक सर्कुलर जारी किया था जिसमें हाई वे पर अतिक्रमण की सतत निगरानी के लिए टीमें गठित करने की बात की गई थी। अगर राष्ट्रीय राजमार्ग और राज्य राजमार्गों पर अतिक्रमण रोकना है तो जरूरी होगा कि इसकी सतत निगरानी के लिए टीमें गठित हों और अगर कोई अतिक्रमण पाया जाता है तो ये टीमें अतिक्रमण हटाए जाने के लिए सक्षम अथारिटी को रिपोर्ट करें।

### 30 सितंबर तक निर्देशों पर हो अमल

इन दलीलों पर पीठ ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को निर्देश दिया कि वह राजमार्गों की निगरानी के लिए टीमें गठित करें और इसके साथ ही राज्यों से कहा है कि वह राजमार्गों से अतिक्रमण हटाने में टीमों की मदद करें। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से 30 सितंबर तक निर्देशों पर अमल करने को कहा है। कोर्ट ने मंत्रालय से कहा कि वह 18 मार्च 2020 के सर्कुलर के मुताबिक की गई कार्रवाई के आंकड़े कोर्ट में पेश करे। कोर्ट ने फिलहाल आदेश राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए दिया है। साथ ही कहा कि वह राज्य राजमार्गों के संबंध में भी आदेश जारी करेगा। पीठ ने मामले को 14 अक्टूबर को फिर सुनवाई पर लगाने का आदेश दिया है।

### मंत्रालय के आंकड़ों पर जताई थी असंतुष्टि

30 अप्रैल को हुई सुनवाई में कोर्ट ने 18 मार्च 2020 के सर्कुलर के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्गों पर अतिक्रमण की निगरानी के लिए टीमें गठित करने और कार्रवाई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अरविंद केजरीवाल को लगा बड़ा झटका, अदालत ने 3 सितंबर तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत



नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को कथित शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 सितंबर तक बढ़ा दी है।

इससे पहले अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत अवधि खत्म होने पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की कस्टडी 3 सितंबर तक बढ़ा दी है। बता दें कि अरविंद केजरीवाल की कस्टडी 27 अगस्त को पूरी होने वाली थी। लेकिन अब केजरीवाल को 3 सितंबर तक जेल में रहना होगा।

### 5 अगस्त को याचिका को किया था खारिज

दिल्ली हाईकोर्ट ने 5 अगस्त को मुख्यमंत्री केजरीवाल की सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को भी खारिज किया था और जमानत के लिए लोअर कोर्ट जाने के लिए कहा था। सीबीआई कोर्ट ने 23 अगस्त को इस संबंध में बताया था कि अरविंद केजरीवाल और आप विधायक दुर्गेश पाठक पर आबकारी नीति मामले में केस चलाने की मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोर्ट में सीबीआई ने सप्लीमेंट्री (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी से फोन पर बात के बाद पुतिन का बयान, कहा-यूक्रेन की नीति विनाशकारी

नई दिल्ली। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू से ही रूस के साथ मजबूत संबंधों पर जोर दिया है। भारत और रूस में लंबे समय से अच्छे संबंध रहे हैं, जिनमें पीएम मोदी ने और भी मजबूत किया है। इस वजह से पीएम मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी अच्छे दोस्त बन गए हैं। आज पीएम मोदी ने पुतिन से फोन पर बात की, जिसके बारे में उन्होंने सोशल मीडिया पर जानकारी भी दी। पीएम मोदी और पुतिन ने दोनों देशों की खास और विशेषाधिकार वाली रणनीतिक साझेदारी को और म?बूत करने के साथ ही पीएम मोदी की हाल ही में संपन्न हुई यूक्रेन यात्रा और इस दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान के संदेश पर भी बात की।



### पुतिन का बयान आया सामने

पीएम मोदी से हुई बातचीत पर अब पुतिन का बयान भी सामने आ गया है। क्रेमलिन की तरफ से जारी किए गए बयान में बताया गया कि ने पीएम मोदी ने पुतिन को अपने हालिया यूक्रेन दौरे के बारे में जानकारी देने के साथ ही यूक्रेन में चल रही स्थिति के संभावित राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान में योगदान देने में अपनी रुचि को जाहिर किया। ऐसे में पुतिन ने पीएम मोदी को यूक्रेन के अधिकारियों और उनकी विनाशकारी नीति के बारे में बताया जिन्हें वेवेस्टर्न देशों का पूरा समर्थन मिल रहा। पुतिन ने पीएम मोदी को बताया कि उन्होंने यूक्रेन की नीति का मौलिक मूल्यांकन किया और युद्ध को रोकने और इसके समाधान के लिए रूस के दृष्टिकोण को भी साफ किया।

### पीएम मोदी के दौरे समेत ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पर भी हुई चर्चा

क्रेमलिन की तरफ से जारी बयान में बताया गया कि पीएम मोदी और पुतिन के बीच जुलाई में पीएम मोदी के रूस दौरे के बाद व्यापार और आर्थिक क्षेत्र में हुए समझौतों के व्यावहारिक कार्यान्वयन के विषय पर भी चर्चा हुई।

इस बयान में पिछले ब्रिक्स सम्मेलन में दोनों देशों के बीच हुई बातचीत पर तो संतोष व्यक्त किया ही गया, साथ ही यह भी बताया गया कि पीएम मोदी ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जय शाह ने रचा इतिहास, सबसे यंग आईसीसी चेयरमैन बने; ग्रेग बार्कले की जगह लेंगे

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने इतिहास रच दिया है। वह सबसे यंग आईसीसी चेयरमैन बन गए हैं। जय शाह ग्रेग बार्कले की जगह लेंगे। आईसीसी के मौजूदा चेयरमैन ग्रेग बार्कले का कार्यकाल 30 नवंबर को समाप्त हो जाएगा। हाल ही में बार्कले ने तीसरे कार्यकाल से इनकार कर दिया था। ऐसे में अब जय शाह आईसीसी के नए चेयरमैन चुने गए हैं। जय शाह अभी 35 साल के हैं। वह आईसीसी के अध्यक्ष बनने वाले 5वें भारतीय हैं। इससे पहले जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर आईसीसी के चेयरमैन रह चुके हैं। जगमोहन डालमिया 1997 में पहले एशियाई आईसीसी अध्यक्ष चुने गए थे।



शरद पवार साल 2010 से 2012 तक आईसीसी के अध्यक्ष रहे। चेन्नई सुपर किंग्स टीम के सहमालिक एन श्रीनिवासन भी आईसीसी के अध्यक्ष रह चुके हैं। 2014 से 2015 तक उन्होंने आईसीसी के प्रेसिडेंट की भूमिका निभाई। वहीं शशांक मनोहर 2015 से 2020 तक आईसीसी के अध्यक्ष रहे।

### निर्विरोध चुने गए जय शाह

जय शाह को आईसीसी के अगले स्वतंत्र अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया है। शाह ने अक्टूबर 2019 से बीसीसीआई सचिव और जनवरी 2021 से एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। वह 1 दिसंबर, 2024 को चेयरमैन पद ग्रहण करेंगे। वर्तमान अध्यक्ष ग्रेग बार्कले द्वारा तीसरा कार्यकाल नहीं लेने का निर्णय लेने के बाद शाह अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र नामांकित व्यक्ति थे।

### जय शाह ने जताई खुशी

शाह ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में नामांकन से मैं अभिभूत हूं। उन्होंने कहा, मैं क्रिकेट को और अधिक वैश्वीकृत करने के लिए आईसीसी टीम और हमारे सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

हम एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़े हैं जहां कई प्रारूपों के सह-अस्तित्व को संतुलित करना, उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने को बढ़ावा देना और हमारे प्रमुख कार्यक्रमों को नए वैश्विक बाजारों में पेश करना तेजी से महत्वपूर्ण हो गया है। हमारा लक्ष्य क्रिकेट को पहले से कहीं अधिक लोकप्रिय बनाना है।

## बुरी फंसी कंगना, एमपी के किसानों ने मांगे दो करोड़ रुपए, एक सप्ताह का भेजा नोटिस

बेतुल। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश से बीजेपी की सांसद कंगना रनौत किसान आंदोलन पर बयान देकर बुरी फंस गई हैं। वे देशभर में खूब ट्रोल हो रहीं हैं और विपक्षियों के निशाने पर हैं। कंगना की पार्टी ने ही इस बयान से किनारा करते हुए उन्हें बोलने से मना कर दिया है। अब एमपी में भी किसानों ने उनके बयान पर गुस्सा जताते हुए उनसे हर्जाना के रूप में करोड़ों रुपए मांगे हैं।



एमपी के बैतूल जिले के किसानों ने कंगना रनौत के बयान की निंदा करते हुए उन्हें मानहानि का नोटिस भेज दिया है। किसान संघर्ष समिति के तत्वावधान में लामबंद हुए किसानों ने यह लीगल नोटिस भेजा है। नोटिस में कंगना से अपने बयान पर माफी मांगने या दो करोड़ रुपए देने को कहा गया है। पूर्व विधायक और किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉक्टर सुनीलम के अनुसार कंगना का बयान किसानों के लिए बेहद आहत करनेवाला है। उनसे एक सप्ताह में अपने इस बयान के लिए माफी मांगने को कहा गया है। डॉक्टर सुनीलम के अनुसार ऐसा नहीं किए जाने पर किसान संघर्ष समिति कंगना के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज कराएगी।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावः प्रथम चरण के लिए 279 उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

जम्मू। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण में प्रदेश के सात जिलों के 24 विधानसभा क्षेत्रों में 279 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। गौरतलब है कि 18 सितंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का मंगलवार को आखिरी दिन था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय की ओर से जारी बयान में नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। प्रदेश के अनंतनाग जिले में सबसे अधिक 72 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## देवेंद्र यादव की रिमांड बढ़ी : वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई पेशी, अब 3 सितंबर तक जेल में रहना पड़ेगा





बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में 10 जून को हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार भिलाई नगर से कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव की रिमांड तीन सितंबर तक बढ़ा दी गई है।

उल्लेखनीय है कि, मंगलवार 27 अगस्त को सीजेएम कोर्ट ने देवेंद्र यादव को 27 अगस्त तक न्यायिक रिमांड में सेंट्रल जेल रायपुर भेजा था। जहां से उन्हें मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बलौदाबाजार न्यायालय में पेश किया गया। पेशी के बाद देवेंद्र यादव की रिमांड 3 सितंबर तक बढ़ा दी गई है।

### देवेंद्र यादव के वकील ने लगाए गंभीर आरोप

वहीं देवेंद्र यादव के वकील अनादि शंकर मिश्रा ने आरोप लगाए कि पुलिस के पास कोई साक्ष्य नहीं है। पुलिस रिमांड लेकर झूठे साक्ष्य बनाने का काम कर रही है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राज्यसभा में एनडीए को बहुमतः 112 सीटें हुई-12 सीटों के उपचुनाव में 11 निर्विरोध जीतीं, तेलंगाना में कांग्रेस कैंडिडेट की जीत

नई दिल्ली। राजग (एनडीए) ने सोमवार, 27 अगस्त को राज्यसभा में बहुमत का आंकड़ा छू लिया। नौ बीजेपी सदस्य और दो सहयोगी दलों के सदस्य निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुने गए। इसके साथ ही बीजेपी की राज्यसभा में संख्या 96 हो गई है। अब राज्यसभा में एनडीए सदस्यों का कुल आंकड़ा 112 हो गया है। निर्विरोध चुने गए तीन दूसरे सदस्यों में एनसीपी (अजित पवार गुट) और राष्ट्रीय लोक मंच (आरएलएम) के एक-एक सदस्य शामिल हैं। मौजूदा समय में राज्यसभा में 237 सदस्य हैं, जिसमें बहुमत का आंकड़ा 119 है।



### इन सांसदों को राज्यसभा के लिए चुना गया है

बीजेपी के जिन सदस्यों को निर्विरोध चुना गया, उनमें बिहार से उपेंद्र कुशवाहा और मनन कुमार मिश्रा, असम से मिशन रंजन दास और रमेश्वर तेली, हरियाणा से किरण चौधरी, मध्यप्रदेश से जॉर्ज कुरियन, महाराष्ट्र से धैर्यशील पाटिल और नितन पाटिल, ओडिशा से ममता मोहंता, राजस्थान से रवनीत सिंह बिट्टू और त्रिपुरा से राजीव भट्टाचार्य शामिल हैं। इसके अलावा, कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी तेलंगाना से निर्विरोध चुने गए हैं।

### विधेयकों को पारित कराने में होगी आसानी

राज्यसभा में अब सत्तारूढ़ एनडीए की ताकत बढ़ गई है। एनडीए बीते एक दशक से राज्यसभा में मेजॉरिटी हासिल करने की कोशिशों में जुटा था। अब राज्यसभा में एनडीए गठबंधन को बहुमत मिलने के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन को विपक्ष के दबाव से निपटने में मदद मिलेगी। एनडीए को विधेयकों को पारित करने में विपक्ष की रोका-टोकी का सामना नहीं करना पड़ेगा। पहले कई बार राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों की वजह से विधेयकों को पारित करने में बीजेपी सरकार को दिक्कतों का सामना करना पड़ा था।

### राज्यसभा में घट गई विपक्ष की ताकत

राज्यसभा में विपक्ष की संख्या अब 85 रह गई है। इससे पहले कई विधेयकों को पास कराने के लिए सरकार को गैर-गठबंधन दलों जैसे नवीन पटनायक की बीजू जनता दल और वाईएस जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस का समर्थन लेना पड़ा था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

अशोका आई.टी.आई.
NCVT-DGET नई दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ

कोपा (Computer)
10 वीं पास
1 वर्षीय कोर्स

स्टेनो
10 वीं पास
1 वर्षीय कोर्स

इलेक्ट्रीशियन
10 वीं पास
2 वर्षीय कोर्स

वॉयरमैन
8 वीं पास
2 वर्षीय कोर्स

अशोका डिग्री कॉलेज
B.A. | B.COM | PGDCA

8319493983, 7000629783, 8602502398

ग्राम- तोरनकट्टा, मनकी पेट्रोल पंप के पास,जी.ई. रोड,
पोस्ट- सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ऑफिस: 99813-60623 | ashokaiti2019@gmail.com

CMYK

# कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना के दृष्टिगत घुमंतू पशुओं को सड़क से हटाने के लिए कार्रवाई में तेजी लाने दिये निर्देश



**शराब पीकर तथा बिना लाईसेंस के वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि मिशन जल रक्षा अंतर्गत जल संरक्षण के लिए सर्वे कराएं तथा छोटे एवं बड़े तरह के स्ट्रक्चर जल के संरक्षण के लिए बनाएं। उन्होंने मिशन जल रक्षा अंतर्गत कार्य करने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाने हेतु प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उद्योग एवं स्कूल में पौधरोपण के कार्य में गति लाएं।

उन्होंने कहा कि लगातार 10 वर्षों तक पौधरोपण करेंगे तब इसके परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह 2024 तथा पोट्ठ लईका पहल अभियान 1 से 30 सितम्बर तक मनाया जाएगा। जिसमें समग्र पोषण को ध्यान में रखते हुए महिलाओं को हिमोग्लोबिन टेस्ट तथा स्वास्थ्य जांच कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि स्कूल, स्वास्थ्य विभाग एवं उद्यानिकी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र भी इस अभियान से जुड़ेंगे। साथ पोषण वाटिका पर भी ध्यान देने की जरूरत है। राज्य स्तर के वजन त्यौहार 9 से 19 सितम्बर तक मनाया जाएगा। इसमें बच्चों, किशोरी बालिकाओं, महिलाओं का स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समग्र पोषण के लिए विशेष तौर पर सभी कार्य करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना के दृष्टिगत घुमंतू पशुओं को सड़क से हटाने के लिए कार्रवाई में तेजी लाने की आवश्यकता है। इसके लिए जनसामान्य को जागरूक करने की जरूरत है। इसके लिए लगातार निरीक्षण करते रहें। सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी लेते हुए ब्लैक स्पॉट के चिन्हांकन तथा ऐसे स्थानों में रंबल स्टेप बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने शराब पीकर वाहन चलाने वाले तथा बिना लाईसेंस के वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने निलंबित एवं निरस्त किए गए लाईसेंस के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी को सड़क दुर्घटना रोकने में अपना दायित्व निभाना है। उक्त बातें कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के कार्य में गति लाएं तथा अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड योजना से जनसामान्य को लाभान्वित करने के लिए कार्य करें। पीडीएस एवं वजन त्यौहार के दौरान लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने जिले में स्वाईन फ्लू के केस मिलने पर इससे सावधानी बरतने के लिए कहा तथा स्वाईन फ्लू के लक्षण एवं निःशुल्क दवाई वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मंकी पॉक्स एवं डायरिया के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वेक्षण के लिए जानकारी एकत्रित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने आश्रम छात्रावास का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, जिला जनसमस्या निवारण शिविर की समीक्षा की।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति के लिए सभी प्रारंभिक तैयारी होना चाहिए। इस योजना के तहत आवास मित्र की भर्ती की जानी है। इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोट्ठ लईका पहल अभियान अंतर्गत सुपोषण के लिए किए जा रहे कार्यों के साथ ही पालक चौपाल में काउंसिलिंग का कार्य चलते रहना चाहिए।

उन्होंने मिशन जल रक्षा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य कार्यों के लिए श्रमिक बढ़ाने के लिए कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व सांसद अशोक शर्मा का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



राजनांदगांव(दावा)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और राजनांदगांव के पूर्व सांसद अशोक शर्मा का जन्मदिन रविवार को उनके निवास स्थान पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे दिन उनके निवास पर बधाई देने वालों की भीड़ लगी रही। पार्टी के कार्यकर्ता, समर्थक और विभिन्न वर्गों के लोग सुबह से ही श्री शर्मा को बधाई देने के लिए उनके आवास पर पहुंचने लगे। इस खास अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से लेकर युवा कार्यकर्ताओं तक सभी का जमावड़ा रहा।

लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, दिनेश गाँधी, विनोद खांडेकर (पूर्व विधायक), पुखराज कांकरिया, नरेश बैद पतली, जिला भाजपा महामंत्री राजेंद्र गोलछा, पवन मेश्राम, बालू भंसाली, राजेंद्र जानी, प्रकाश सांखला, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी, वीरेंद्र जैन, हरीश गाँधी, दीपक चौहान योगेश पाण्डेय, पवन डागा, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, वरिष्ठ पार्षद व पूर्व नगर निगम अध्यक्ष शिव वर्मा, गप्पू सोनकर, मधु बैद, खेमिन राजेश यादव, मणिभास्कर गुप्ता, विजय राय, देवसरण सेन, रानू जैन जैसे वरिष्ठ नेताओं ने श्री शर्मा को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने श्री शर्मा के राजनीतिक अनुभव और नेतृत्व की प्रशंसा की जबकि युवा नेताओं ने उन्हें प्रेरणादायक बताया। शहर के विभिन्न संगठनों जैसे डोंगरगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता, अल्पसंख्यक मोर्चा, युवा मोर्चा, चौपाल ग्रुप, महाकाल मित्र मंडल, महाकाल सेना और दबंग ग्रुप के सदस्यों ने भी अपनी-अपनी टीम के साथ श्री शर्मा को बधाई दी। उनके द्वारा किए गए जनहित और जनसेवा के कार्यों की प्रशंसा की गई। श्री शर्मा ने सभी का स्वागत किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को संदेश दिया कि समाजसेवा और जनहित के कार्यों के प्रति उनका समर्पण और ईमानदारी उनके जीवन का उद्देश्य रहे हैं, और आगे भी वह इस दिशा में कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने श्री शर्मा को उनके दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में भाजपा को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## पहला कॉलम...

### जिला कोसरिया यादव समाज की रैली का हफीज व अभिमन्यु मिश्रा ने किया स्वागत

**श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर निकाली गई भव्य रैली**



राजनांदगांव (दावा)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जिला कोसरिया यादव समाज द्वारा नगर में भव्य रैली का आयोजन किया गया स्थानीय पोस्ट ऑफिस चौक पर पहुंचते ही रैली की अगुवाई कर रहे समाज के संरक्षक नारायण यादव, अध्यक्ष मन्ना यादव, युवा अध्यक्ष हरीश यादव, भोला यादव सहित समाज के लोगों का माला पहना कर अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष हफीज खान, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा, अशोक यादव, फिरोज सौदागर इत्यादि ने स्वागत अभिवादन किया, स्वागत से प्रफुल्लित होकर यादव समाज ने गमछा पहना कर अभिवादन किया। तत्पश्चात सभी ने रैली के साथ सम्मिलित होकर नगर भ्रमण किया।

### एक दिवसीय विपश्यना शिविर में हुई ध्यान साधना

**आखें बंद भगवान बुद्ध का स्मरण और काया का अवलोकन**

राजनांदगांव (दावा)। वर्षावास के अवसर पर डॉ. अम्बेडकर भवन में उपासकों के लिए विपश्यना शिविर का आयोजन किया गया। विपश्यना आचार्य जे. पी. बागड़े ने साधकों को विपश्यना का परिचय कराते हुए उसके लाभ बताये। मानव मन को विकारों से मुक्त करने के लिए, पूरे लोक के कल्याण के लिए भगवान बुद्ध ने ध्यान की विधि बताई जिससे दुख से ग्रस्त मानव अपने मन का अवलोकन कर, उसे साध कर अपना कल्याण कर सकें। विपश्यना शिविर में सभी के लिए मंगल मैत्री की साधना की गई। बौद्ध कल्याण समिति, राजनांदगांव और भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा आयोजित शिविर में वंदना मेश्राम, मनीषा भिमटे, तिलोत्मा बडगे, एम. गौतम, तरूणा मेश्राम, सुनीता ईलमकर, रेनु जामगढे, बिंदु फुले, पुष्पा चोखान्द्रे, रविता लकडा, सुनिता यादव, जया गोटेकर, सुनंदा गडपाल, माया मेश्राम, मीना मेश्राम, काति फूले, प्रवीण नोन्हारे, सुरेन्द्र रामटेके, सत्येन्द्र बंजारे, विनोद श्रीरंगे सहित विभिन्न वार्डो के महिला और पुरुष उपासकों ने विपश्यना का लाभ लिया, यह जानकारी समाज के प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे ने दी।

### पेमीन बाई साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ क्षेत्र के ग्राम आलेदंड निवासी 75 वर्षीय पेमीन बाई साहू (लक्ष्मीबाई) का स्वर्गवास 24 अगस्त को गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में ही किया गया। वे अपने पीछे दो बेटी व उनका भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

## छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षा फेडरेशन की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**जिला स्तरीय अनुशासन समिति के ओम प्रकाश साहू अध्यक्ष बनाए गए**



राजनांदगांव (दावा)। 25 अगस्त को राजनांदगांव में कलेक्ट्रेट के पास छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला ईकाई राजनांदगांव की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू ने की। बैठक में 30 सितंबर 2024 तक सदस्यता अभियान पूर्ण करने का निर्णय लिया गया।

सदस्यता शुल्क 200 रुपए प्रति शिक्षक( सदस्य) रखा गया है। बैठक में जिला कार्यकारिणी पुनर्गठन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रधान पाठक पदोन्नति में पारदर्शिता हेतु जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल आभार व्यक्त किया जाएगा। जल्द ही फेडरेशन डीईओ से भेंटकर धन्यवाद ज्ञापित करेंगे साथ ही प्रधान पाठक प्रतीक्षा सूची जारी करने ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला स्तरीय अनुशासन समिति का गठन किया गया।

इस छह सदस्य समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू राजनांदगांव को बनाया गया है। इसके सदस्यों में ललित प्रताप सिंह डोंगरगढ़, भारत लाल साहू डोंगरगांव, राकेश खोब्रागड़े छुरिया, जितेंद्र हिरवानी राजनांदगांव और अतुल यादव डोंगरगांव को रखा गया है। इस बैठक में रमेश कुमार साहू जिला अध्यक्ष, मिलन कुमार साहू प्रांतीय पदाधिकारी, मंजू देवांगन प्रांतीय संगठन मंत्री, ओमप्रकाश साहू जिला संयोजक, कीरत गणवीर ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया, रोशन लाल साहू ब्लॉक अध्यक्ष राजनंदगांव, प्यारेलाल साहू ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगांव, नरेश कुमार साहू, तोरल लाल निषाद विनोद कुमार सिंह राकेश कुमार खोब्रागड़े, मोमन साहू, खिलावन निर्मलकर, पूरन कोठारी, अश्वनी साहू, अखिलेश सिन्हा, जितेन्द्र हिरवानी, मुकेश चंद्रवंशी, विजय कुमार बरई, कृष्ण राव डेकाटे, हीरालाल सबर, राजेंद्र वैष्णव सहित फेडरेशन के अन्य साथी उपस्थित थे।

## रमेश खडेलवाल ने पूर्व मंत्री अकबर को दी जन्मदिन की बधाई



राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर को जन्मदिन के अवसर पर रायपुर स्थित उनके निवास में पहुंचकर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व राजगामी संपदा के पूर्व सदस्य व बांधाबाजार के पूर्व उपसरपंच रमेश खंडेलवाल ने बधाई दी। इस दौरान गंडई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश सिंह समेत गंडई-छुईखदान के अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

## पेंड्री में माताओं ने हलषष्ठी की पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया



राजनांदगांव(दावा)। वार्ड क्रमांक 20 पेंड्री आबादी पारा गली नं. 2 में हलषष्ठी पर्व सुहागिन महिलाओं के द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वार्ड की महिलाओं द्वारा छठ माता की पूजा अर्चना कर कथा का रसपान किया।

कथा का वाचन श्रीमती यशोदा वैष्णव द्वारा किया गया। हलषष्ठी पर्व पर माताओं ने संतान की लंबी आयु और जीवन में सफलता के लिए उपवास रखा। सगरी खोदकर भगवान शंकर एवं गौरी गणेश को पसहर चावल, भैंस का दूध, दही, घी, बेलपत्र, काशी, खम्हार, बांटी भौंरा सहित अन्य सामग्री अर्पित की। पसहर चावल, 6 प्रकार की भाजी को पकाकर प्रसाद के रूप में वितरण कर अपना उपवास समाप्त किया। पूजा स्थल कार्यक्रम में गिरजा साहू, मुन्नी साहू, सीता देवांगन, अंजना वैष्णव, प्रभा बाई साहू, दुर्गा साहू, जयश्री साहू, पूर्णिमा साहू, संतोषी साहू, पुसई साहू, कृति साहू, रुखमणी साहू, सुशीला साहू, मनीषा साहू, सुशीला खरे, त्रिवेणी साहू, सुनिता साहू, अमरिका रजक, दुजबाई, नीता ठाकुर, निलेश्वरी, उत्रा ठाकुर, देवला नेताम, ममता ठाकुर, विक्की देवदास, ममता, पुष्पा ठाकुर, देवकी निषाद, गीता साहू, ज्योति साहू, रमला, बीना यादव, मधु चन्द्रवंशी, नेमबाई साहू, मीना देवांगन, प्यारी ठाकुर आदि महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उक्त जानकारी कथावाचक यशोदा वैष्णव ने दी।

## परीक्षा परिणाम को लेकर महाविद्यालय प्रबंधन को अभाविप ने सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। शास. महंत राजा दिग्विजय दास महाविद्यालय में बीए, बीएससी के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा को दो माह से अधिक समय व्यतीत हो चुका है, परंतु परीक्षा के परिणामों की घोषणा अब तक नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में छात्रों में संशय व अफरा-तफरी का माहौल है।

महाविद्यालय में विद्यार्थी रिजल्ट की घोषणा समय पर नहीं होने से महाविद्यालय के विद्यार्थी भविष्य की तैयारी में बाधा आने के कारण परेशान हो रहे हैं। उपरोक्त ज्वलंत समस्या के दृष्टिगत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने महाविद्यालय प्रबंधन को ज्ञापन सौंपते हुए छात्र हित में उपरोक्त परीक्षा परिणाम की जल्द से जल्द घोषणा करने की मांग की।

## मवेशी धरपकड़ अभियान में निगम की टीम ने राम दरबार मंदिर हाईवे रोड से 8 मवेशी पकड़े



राजनांदगांव (दावा)। पशु मालिकों की लापरवाही से मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओं के लिये भी घातक है। क्योंकि दुर्घटना से मवेशी घायल हो जाते है, कई मवेशियों की मृत्यु भी हो जाती है। दुर्घटना से बचाने नगर निगम द्वारा मवेशी धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है, अभियान के तहत आज राम दरबार मंदिर से हाईवे रोड में 8 घुमंतु एवं बैठे मवेशी पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस पहुंचाया गया।

मवेशियों को पकड़ने कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशानुसार निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने उपायुक्त मोबिन अली के नेतृत्व में नगर निगम की टीम गठित की गयी है। गठित टीम द्वारा मवेशी धर-पकड़ अभियान चलाकर मवेशी मालिकों को मवेशी बांधकर रखने समझाईस दी जा रही है, समझाईस उपरांत भी कुछ मवेशी मालिक अभी भी मवेशी खुला छोड देते है, उन पर अब अर्थदण्ड अधिरोपित कर मवेशी छोड़ने की कार्यवाही की जाती है।

नगर निगम की घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने गठित टीम चौक चौराहों से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज राम दरबार मंदिर से हाईवे रोड में 8 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है एवं उन्हें छोड़ने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जायेगा। आयुक्त श्री गुप्ता ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिक अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है।

## विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस कार्यक्रम माहेश्वरी भवन में संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। सनातन हिन्दू धर्म के सबसे बड़े विश्व स्तरीय संगठन विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस पर रामाधीन मार्ग माहेश्वरी भवन में 'षष्ठीपूर्ति स्थापना दिवस' का आयोजन मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे किया गया। 29 अगस्त 1964 श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन ही सभी मत, पंथ, संप्रदाय के हिन्दू संतों के आशीर्वाद से मुंबई में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की गई थी।

इन 60 वर्षों में विश्व हिंदू परिषद ने हिंदू धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्रहित का कार्य कर 70 देशों में अर्थात अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदुओं का नेतृत्व कर रहा है और भारत में मतांतरण, धर्मांतरण, लव जिहाद, आतंकवाद, गौ रक्षा, परावर्तन, मठ मंदिरों की सुरक्षा, हिन्दू स्वाभिमान और मान बिंदुओं की रक्षा का काम कर रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सत्यानंद योग आश्रम राजनांदगांव के परम आदरणीय स्वामी स्वयंभूनाथ सरस्वती उपस्थित रहेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली से पधारे विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री अजेय पारीक का सानिध्य एवं संबोधन हमें प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने रविवार 25 अगस्त को विश्व हिंदू परिषद राजनंदगांव के पदाधिकारीयों की एक महत्वपूर्ण बैठक कार्यालय हनुमान मंदिर महावीर चौक में सम्पन्न हुई है।

विश्व हिंदू परिषद राजनांदगांव ने केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिए गए राम जन्मभूमि समर्पण नीधि अभियान, अक्षत वितरण के विस्तृत कार्य एवं भव्य राममंदिर में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को ऐतिहासिक सफल बनाया है। विश्व हिंदू परिषद राजनांदगांव शहर के अध्यक्ष योगेश बागड़ी ने संस्कारधानी राजनांदगांव शहर में होने वाले इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उपस्थित रहने समस्त सनातनियों से अनुरोध किया है।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम संकल्प पाण्डेय पिता श्री पवन पाण्डेय निवासी राजकुमार कॉलेज केम्पस रायपुर (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम पवित्र पाण्डेय पिता श्री पवन पाण्डेय रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त दस्तावेजों में शासकीय व अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम पवित्र पाण्डेय पिता श्री पवन पाण्डेय से ही जाना व पहचाना जावे।

शपथकर्ता
पवित्र पाण्डेय
राजकुमार कॉलेज केम्पस
रायपुर (छ. ग.)

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, खैरागढ़
जिला-खैरागढ़ छुईखदान, गंडई (छग)

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं.......बी 121 वर्ष2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बनवाली आ. परदेशी यादव निवासी ग्राम छछानपहरी तहसील खैरागढ़ जिला राजनांदगांव छग पुत्र हिमराज आ. बनवाली के जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म दिनांक 16.12.2006 को स्थान छछानपहरी पर होना बताया जाकर जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 12.09.24 को लिखित में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 27.08.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 27.08.24
सुनवाई दिनांक 12.09.24

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
खैरागढ़ (छ. ग.)

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)

**टेन्ट/शामियाना दर आमंत्रण निरस्तीकरण की सूचना**

ज्ञापन क्रमांक 5041/टेंट/24-25/वसेसहा राजनांदगांव दिनांक 23-08-2024

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित टेन्ट/शामियाना दर आमंत्रण सूचना क्रमांक 4738/नि.वि./टेन्ट/24-25/स्कंध दिनांक 12.08.2024 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)

जी-242502026/2

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-4-8
237-2 140-5
राजधानी
6-7-9
140-5 445-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक गीत संगीत से भरपूर
जवानी जिंदाबाद
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - आकाश सोनी, सुमन पटनायक, लक्षित झांकी, ज्योत्सना, पुरन किरी, संजय महानंद, पुष्पेन्द्र सिंह, अंजनी चौहान आदि



आगामी ता. 30 से संघर्ष एक जंग
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
23rd Aug to 29th Aug 2024
silver SCREEN



Stree 2 - 12:00, 12:15, 03:00, 03:30, 06:00, 06:30, 09:00 & 09:30 pm
Vedaa - 06:15 pm
Khel Khel Mein - 03:15 and 09:15 pm
Alien Romulus (Hindi) - 12:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# मेजबान दुर्ग की बालिकाओं ने बिलासपुर आसानी से हराया



- 24वीं राज्यस्तरीय शालेय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता
- कलेक्टर संजय अग्रवाल ने खिलाड़ियों का बढाया हौसला

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग छ.ग. शासन द्वारा आयोजित कि जा रही 24वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत आज भी आठ मैच खेले गए। प्रतियोगिता का समापन व पुरूस्कार वितरण समारोह आज 27 अगस्त मंगलवार को दोपहर 1 बजे से राजनांदगांव की जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू के मुख्यआतिथ्य सचिन बघेल अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव की अध्यक्षता, व किशुन यदु नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम राजनांदगांव, अतुल रायजादा समाज सेवी, तरूण लहरवानी समाज सेवी के विशिष्ट आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित है। आज प्रतियोगिता के तीसरे दिन जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर बधाई व शुभकामनाएं दी।

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित हो रही 24वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रिडा प्रतियोगिता के तहत नेहरू हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन के पहले मैच में अंडर 17 बालक वर्ग में दुर्ग विरूद्ध बिलासपुर के मध्य खेला गया, जिसमें दोनो ही टीमों ने अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए इस रोमांचक मुकाबले में कोई भी गोल नही कर पाई और मैच गोलरहित बराबरी पर रहा दुसरे मैच में अंडर 17 बालिका वर्ग में दुर्ग विरूद्ध बिलासपुर के मध्य खेला गया जिसमें दुर्ग संभाग के खिलाड़ियों ने इस एकतरफे मुकाबले में 7-0 गोल से जीत हासिल कि तीसरे खेले गए अंडर 15 बालक वर्ग में दुर्ग ने बिलासपुर को 1 के मुकाबले 5 गोल से पराजित किया वहीं चौथे अंडर 17 बालक वर्ग के मैच में सरगुजा ने अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए 3-1 गोल से जीत दर्ज की पांचवे खेले गए अंडर 17 बालिका वर्ग के मैच में सरगुजा ने शुरूवाती समय से गोल करते हुए 18-0 गोल से एक आसान जीत हासिल की। छठवे खेले गए अंडर 15 बालक वर्ग में सरगुजा ने रायपुर को 9-0 गोल से पराजित किया वंही अंडर 17 बालिका वर्ग में खेले गए सांतवे मैच में बस्तर हॉकी ने बिलासपुर को एक आसान मुकाबले में 11-0 गोल से पराजित किया आज का अंतिम व आंठवा मैच अंडर 15 वर्ग में बस्तर विरूद्ध बिलासपुर के मध्य खेला गया बस्तर हॉकी के खिलाड़ियों ने अपने अच्छे खेल का परिचय देते हुए 8-1 गोल से एक आसान जीत हासिल की। मैच के पूर्व उपस्थित अतिथियों ने मैदान के बीच पहुँचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बधाई व शुभकामनाएं।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 16 अगस्त से 9 सितम्बर तक वार्डो में शिविर

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह जून 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 16 अगस्त से 9 सितम्बर तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 29 अगस्त को रानी जोतकुवर वार्ड नं. 50 के लिये सार्वजनिक मंच गौठान सिंगदई में व शिवनाथ वार्ड नं. 51 के लिये सामुदायिक भवन हरदी में, 30 अगस्त को राजीव वार्ड नं. 42 के लिये पार्षद कार्यालय राजीव नगर में, सर्किट हाउस वार्ड नं. 43 के लिये आंगन बाडी भवन फिरंतीन मंदिर के पास में व बसंतुपर वार्ड नं. 46 के लिये सामुदायिक भवन हनुमान मंदिर के पास बसंतपुर में एवं 31 अगस्त को गुरूघासीदास वार्ड नं. 40 व नंदई वार्ड नं. 48 के लिये सामुदायिक भवन नंदई नाका में व झुलेलाल वार्ड नं. 41 के लिये सामुदायिक भवन झुलेलाल में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह जून 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

## कोतवाली पुलिस ने आर्टिका कार चोरी के आरोपी को एम पी से किया गया गिरफ्तार




राजनांदगांव (दावा) सिटी कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के कार चोरी के आरोपी को जबलपुर मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अर्टिका कार क्रमांक सीजी-08/बीए 8887 कीमती 11 लाख रुपए की बरामदगी की है। वही आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू द्वारा आरोपी का नाम अजय कुमार रजक पिता जालिम रजक उम्र 46 साल निवासी दीठवारा थाना कठुला जिला कटनी बताया गया है। उन्होंने बताया कि प्रार्थी फिरन दास साहू पिता स्व. घसिया दास साहू उम्र 66 साल निवासी मकान नं. एमडी-11 दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर द्वारा 25 अगस्त को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि गत 24 अगस्त को अपनी गाडी अर्टिका कार क्रमांक सीजी-08/बीए 8887 कीमती 11,00,000 रूपये को किराये पर दिया था। जिसे ड्राइवर संदीप थवाईत रायपुर से बुकिंग पर राजनांदगॉव लेकर आया था।

सवारी उतारने के बाद फोन से पुनः कार का बुकिंग मिला बुकिंग करने वाले व्यक्ति को कार में बैठाया एवं गाड़ी को चाबी लगे हालत में राजनांदगॉव के रेल्वे स्टेशन के पास रात्रि करीब 7 बजे खड़ी कर पेशाब करने चला गया, इस दौरान उक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा कार को चोरी कर ले जाना बताया कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्र. 513/24 धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। कायमी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

थाना कोतवाली से टीम गठित कर अज्ञात आरोपी का पता तलाश घटना स्थल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज को खंगाला गया व तकनीकी सहायता लिया गया। फुटेज मे मिले क्लू के आधार पर व कार के ड्रायवर द्वारा बताये गये आरोपी के हुलिया एवं मुखबीर की सूचना पर गठित टीम द्वारा बरगी टोलप्लाजा के पास जबलपुर में, मध्यप्रदेश बरगी पुलिस की सहायता से घेराबंदी कर संदेही को पकडा गया पूछताछ पर उसने अपना नाम अजय कुमार बताया, जिसके कब्जे से अर्टिका कार को बरामद कर जबलपुर से राजनांदगॉव लाया गया। आरोपी के खिलाफ अपराध सबूत पाये जाने से उसे मंगलवार 27 अगस्त को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। जहां से आरोपी का जेल वारंट जारी होने पर जेल में दाखिल कर दिया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, सउनि. उदय सिंह चंदेल, आरक्षक प्रदीप जायवाल, भुनेश्वर जायसी एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# गौ तस्करों पर संयुक्त कार्रवाई में आरोपी गिरफ्तार

**गौ तस्करों पर संयुक्त कार्रवाई में आरोपी गिरफ्तार, फरार आरोपी व सहयोगियों के तलाश में जुटी पुलिस**



राजनांदगांव (दावा)। जिले की पुलिस सहित गोंदिया महाराष्ट्र की पुलिस द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई में गौ तस्करी के एक आरोपी को धर दबोचा गया। वही एक आरोपी व उसके सहयोगियों के फरार होने की बात सामने आ रही है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ सीमा से 25 किलोमीटर अंदर चीचगढ़ महाराष्ट्र में की गई संयुक्त रुप से की गई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 21 नग गाय बैल एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन अशोक लेलैंड ट्रक क्रम एम एच 20- ई जी-9134 बरामद किया गया। आरोपी का नाम देवेंद्र राव पिता श्याम राव उम्र 32 निवासी अंभोरा चौकी चीचगढ़ व फरार आरोपी का नाम असफाक खान निवासी नागपुर महाराष्ट्र बताया जाता है।

बता दें कि जिले के अवैध शराब बिक्री एवं अवैध तस्करी गो तस्करी के रोकथाम व अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में अभियान छेड़ दिया गया है। इस क्रम में 26 अगस्त की रात्रि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की भिलाई की ओर से ट्रक में गाय बैल को भरकर महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा है। तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में टीम गठित किया गया सभी टीम को महाराष्ट्र की ओर जाने वाले संभावित स्थानों पर लगाया गया महाराष्ट्र के सरहदी थानों को भी सूचना से अवगत कराया गया रास्तों में पुलिस की चौकसी देख आरोपियों के द्वारा वाहन महाराष्ट्र की ओर ले गया जहा चीचगढ़ प्रभारी को सूचना से अवगत कराया गया एवं नाकेबंदी हेतु सहयोग प्राप्त किया गया। सभी दिशाओं से घिरने पर आरोपियो के द्वारा वाहन को कच्चे रास्ते में जंगल में डालकर छोड़कर भागने का प्रयास कर रहे थे, इससे एक आरोपी फरार हो गया। वहीं उसके सहयोगी आरोपी को दौड़ा कर पकड़ा गया जिसने पूछताछ में अपना नाम देवेंद्र राव बताया, उसके कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त वाहन ट्रक से 21 नग गाय बैल जप्त किया गया।

राजनांदगांव पुलिस एवं गोंदिया पुलिस द्वारा उक्त संयुक्त कार्यवाही करते हुए आरोपियों के विरूद्ध चौकी चीचगढ थाना देवरी जिला गोंदिया में महाराष्ट्र पशु संरक्षण अधिनियम, महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत अजमानतीय धाराओं में अपराध कायम किया गया। फरार आरोपियों एवम सहयोगी आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा है उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मर, चौकी चिचोला प्रभारी उप निरीक्षक भूषण चंद्राकर बघनादि प्रभारी निरीक्षक विजय मिश्रा गेंदाटोला प्रभारी रमेश पटेल चौकी चीचगढ प्रभारी निरीक्षक तुषार कालेल का एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा

## पालक व पाल्य/पाल्या मटकी सजावट प्रतियोगिता आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव के हदय स्थल दुर्गा चौक दिग्विजय कॉलेज रोड पर स्थित 'बचपन प्ले स्कूल' राजनांदगांव में शनिवार को जन्माष्टमी के अवसर पर शाला 'पालक व पाल्य/पाल्या मटकी सजावट प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में प्रतिभागी के रूप में शाला के सभी पालकगण अपने नन्हे पाल्यों के साथ बने। तत्पश्चात् शाला के अनेक विद्यार्थी राधा कृष्ण की वेशभूषा धारण कर हमारे देश के सनातन धर्म को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती व राधाकृष्ण की पूजा व माल्यापर्णण कर किया गया। इस आयोजन में शाला की शिक्षकों ने भी राधाकृष्ण की वेशभूषा धारण कर सुंदर व मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया जो समस्त पलकगणों व अतिथियों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला की प्राचार्या श्रीमति स्मृति द्विवेदी ने किया। इस विशाल कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में शहर (संस्कारधानी) में प्रतिष्ठित श्रीमति निमिशा ठक्कर (ऑनर आफ त्रिपदा) व श्रीमति रेखा जेठवा (नीमा थ्रेड) ने अपना निर्णय प्रत्येक प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन एवं आभार प्रदर्शन शाला प्रोग्राम की हेड निधि दीक्षित व ज्योति शर्मा के द्वारा किया गया। संस्था के प्रमुख सुनील गोलछा, टीकम सोनी व राकेश सर से सभी अभिभावकों को बहुत-बहुत बधाई दी और नन्हे -मुन्हे बच्चों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अवैध रूप से पैसों का मांग करने वाला बदमाशों पर पुलिस की कार्यवाही



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में लोगों से अवैध रुप से पैसों की मांग करने वाले बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है। बताया जाता है कि इन आरोपियों में निगरानी व आदतन बदमाश भी है जिन पर कार्यवाही हत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, मारपीट संगीन मामले दर्ज है।

चौकी चिखली प्रभारी नरेश कुमार बंजारे ने बताया कि पीड़ित प्रार्थी द्वारा थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि गत 14 अगस्त को गांव के पान ठेला में पान खाने गया था तभी चिखली के नागेश साहू अपने दो दोस्त के साथ आया और डरा धमका कर शराब पीने के लिए अवैध रूप से रूपये पैसो की मांग करने लगा। मना करने पर तीनों एक राय होकर मां बहन की अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, डण्डा से मारपीट कर घायल कर दिया। इस रिपोर्ट पर चौकी चिखली मे धारा 296, 115, 351(2), 119(1), 3(5) भा.न्या.सं. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले में आरोपी की पतासाजी कर विश्वस्त सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी नागेश साहू पिता स्व. उत्तम साहू उम्र 20 साल निवासी चिखली स्कूल के सामने वार्ड नं. 6 को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध पूर्व मे आर्म्स एक्ट, जुआ एक्ट, मारपीट जैसे कई अपराध दर्ज है, आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया। जहां से आदेशानुसार उन्हें जेल दाखिल किया गया।

इसी प्रकार जिले मे आगामी दही हाण्डी, श्री गणेशोत्सव पर्व को मद्देनजर शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु क्षेत्र के निगरानी बदमाश, गुण्डा बदमाश, आदतन बदमाश, असामाजिक तत्वो के विरूद्ध अभियान चलाकर घेराबंद कर पकड़ा गया जिनमे इस दौरान क्षेत्र के निगरानी बदमाश आरिफ खान उर्फ राजा खान पिता बसारत खान उम्र 39 साल निवासी शांतिनगर ओपी चिखली जो आदतन चोरी, मारपीट का प्रकरण है और आदतन बदमाश राहुल मोंगरे उर्फ लल्ला पिता मुकेश मोंगरे उम्र 25 साल निवासी 16 खोली स्टेशनपारा, प्रवीण मिश्रा उर्फ छोटू मिश्रा पिता लक्ष्मण मिश्रा उम्र 30 साल निवासी स्टेशनपारा, दीपक ठाकुर पिता पवन किशोर ठाकुर उम्र 24 साल निवासी स्टेशनपारा, शिव प्रसाद यादव उर्फ केके पिता कांशीराम यादव उम्र 21निवासी स्टेशनपारा, भोजराम सिन्हा उर्फ कैश पिता खिलेश्वर उम्र 20 साल निवासी दीनदयाल नगर, शुभम यादव पिता रेखु यादव उम्र 22 साल निवासी चिखली, शहनोज बांसफोड़ पिता स्व. मोहनलाल बांसफोड़ उम्र 29 साल निवासी इंदिरा नगर थाना बसंतपुर को अनुविभागीय दण्डाधिकारी के न्यायालय पेश किया गया।

## निगम कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदीयों को तीजा के पूर्व साड़ी, ब्लाउज एवं ड्रेस देने की मांग



**प्लेसमेंट कर्मचारियों को मंथली मास्टर रोल में रखे जाने की गुहार**

राजनांदगांव(दावा)। सफाई कर्मचारियों की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती बबीता कुलदीप ने प्रति वर्षानुसार तीजा के तीज तिहार के पूर्व निगम के नियमित कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदीयों को साड़ी, ब्लाउज, पेटीकोट एवं (सफाई कर्मचारी मित्रों) को ड्रेस दिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देश के चलते प्रति वर्ष जीजा त्योहार के उपलक्ष्य में निगम के सफाई कर्मचारियों व स्वच्छता दीदीयों को साड़ी ब्लाउज पेटीकोट व सफाई ड्रेस प्रदाय किया जाता है। उसी तरह इस वर्ष भी उन्हें तीजा त्यौहार के पूर्व उक्त चीजे दी जावें। साथ ही श्रीमती कुलदीप ने कहा है कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार समस्त प्लेसमेंट कर्मचारियों को मंथली मास्टर रोल में रखा जावें और वेतन भुगतान समय पर किए जाने की मांग की है। बता दें कि गत दिनों हरेली तिहार के पूर्व सफाई कर्मचारियों ने त्योहार पूर्व एडवांस व नियत समय में वेतन भुगतान करने के लिए निगम में धावा बोला था। इसके बाद भी सफाई कर्मचारियों की कोई सुनवाई नहीं हुई। अब सफाई कर्मचारियों को जीजा पूर्व साड़ी ब्लाउज व पेटीकोट सहित ड्रेस दिए जाने की मांग हो रही है। साथ ही प्लेसमेंट कर्मचारियों को मंत्री मस्टर रोल में रखे जाने की मांग की जा रही है।

## मांगें मनवाने एक दिन में तीन बार चक्काजाम: एक में 20 के खिलाफ एफआईआर

डोंगरगांव (दावा)। शहर के एक नागरिक व्दारा भारत बंद 21 अगस्त के दौरान हुए चक्काजाम को लेकर 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है, बता दें कि नगर में छोटे बड़े मामलों में अघोषित चक्काजाम करने तथा इसके बाद राजनीति की शुरूवात 21 अगस्त भारत बंद के बाद से हो गई है.

डोंगरगांव शहर में स्टेट हाईवे में एक दिन में ही हुए अलग-अलग समय में हुए तीन चक्काजाम से जहाँ आम लोगों, दैनिक व्यापारियों, मजदूरों और स्कूली बच्चों को खासा परेशानी हुई, वहीं पुलिस और प्रशासन की टीम के होते हुए इन चक्काजामों को दिनभर मशक्कत के बाद भी रोका नहीं जा सका। 21 अगस्त को प्रातः साढ़े छह बजे हुए चक्काजाम में राजनांदगांव से मोहला, मानपुर, औंधी की ओर जाने वाली यात्री बस को रोके जाने के बाद लगभग दो घंटे तक चक्काजाम की स्थिति बनी रही, इस चक्काजाम को समाप्त करवाने एसडीएम, तहसीलदार और एसडीओपी अपनी भारी भरकम टीम के साथ घंटो मशक्कत करते रहे, तब कही जाकर सड़क को खोला जा सका।

भारत बंद के दौरान सुबह हुए इस चक्काजाम के समाप्त होने के बाद आंदोलनकारी स्थानीय दुकानदारों को बंद का समर्थन करने अपील करने निकले और इनके साथ नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद के साथ जैन समाज के लिए कथित अभद्र टिप्पणी के बाद एक बार फिर चक्काजाम हुआ और कुछ समय के बाद इस चक्काजाम में शामिल आंदोलनकारी पुलिस थाना पहुंचे, जिसके बाद हीरा निषाद के खिलाफ एफआईआर किया गया। इस रिपोर्ट के बाद श्री निषाद को रिहा करवाने उनके सहयोगियों ने फिर से थाने के सामने चक्काजाम कर दिया गया।

डोंगरगांव के इतिहास में पहली तीन बार अघोषित चक्काजाम उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया, जो डोंगरगांव के बदलते राजनीति की ओर इंगित कर रहा है जबकि शासन प्रशासन के कमजोर तंत्र को भी मजबूत करने की आवश्यकता है। कानून बनना महत्वपूर्ण नही है इसका ईमानदारी से परिपालन महत्वपूर्ण है। किसी भी हाल में चक्काजाम के भीड़ तंत्र की राजनीति को संरक्षण नही मिलना चाहिए।

## लाल बागेश्वर धाम में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग हेमू कालानी नगर स्थित शिव सेवा मंडल द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कृष्ण भगवान के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। कृष्णधाम के सक्रिय सदस्य राजेश तेजवानी ने बताया कि इस वर्ष विशेष रूप से अमरनाथ से लाए गए जल से कृष्ण भगवान की पूजा अर्चना की गई। साथ ही भजन संध्या का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। ईश्वर की भक्ति भाव में भक्त जनों ने गोते लगाएं और कृष्ण भक्ति का रसपान किया। साथ ही चार वर्ष तक के बच्चों के लिए कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता तथा भजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। लालबागेश्वर धाम के सभी भक्तजनों में अपने नन्हे-नन्हे बच्चों को कृष्ण के रूप में सजाया था और उनके मनमोहन रूप को देखकर के माताएं भाव विभोर भी हो गई।

## अनियमित बारिश होने पर भी रायपुर संभाग में नहीं पड़ेगी सिंचाई के लिए पानी की कमी

- संभागायुक्त श्री कावरे ने बांधो-जलाशयों में जल भराव की समीक्षा की, दिए जरूरी निर्देश
- रायपुर संभाग के जलाशयों में औसतन 90 प्रतिशत पानी भरा, नहरों में पानी भी छोड़ा गया

रायपुर(दावा) बारिश कम होने या अनियमित होने पर भी रायपुर संभाग के किसानों को अपनी फसलों मे सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलेगा। रायपुर संभाग के बांधों और जलाशयों में अब तक हुई बारिश के हिसाब से लगभग 90 प्रतिशत औसतन जल भराव हो चुका है। संभागायुक्त श्री महादेव कावरे ने आज इसकी समीक्षा की और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

श्री कावरे ने संभाग के बांधों और जलाशयों में अब तक भरे पानी की अलग-अलग जानकारी ली और आवश्यकता पड़ने पर किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि अब तक हुई बारिश से बांधों और जलाशयों में पर्याप्त जल भराव हो चुका है और अब आगे कम बारिश या अनियमित बारिश की स्थिति में किसानों की फसलें खराब नहीं होनी चाहिए। ऐसी स्थिति में किसानों की मांग पर बांधों के गेट खोलकर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने विभाग तैयार रहें। श्री कावरे ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को बांधों में जल भराव की स्थिति पर लगातार नजर रखने और सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाएं भी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बड़े बांधों से अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने के पहले राजस्व विभाग के अधिकारियों को सूचित करने और मुनादी आदि कराकर प्रभावित क्षेत्रों में सूचना प्रसारित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रविशंकर सागर परियोजना काम्पलेक्स में अब तक 90 प्रतिशत जल भराव हो चुका है। इस परियोजना से संभाग के रायपुर, धमतरी और बलौदा बाजार जिलों के 1300 से अधिक गांवों में लगभग 2 लाख 80 हजार हेक्टेयर रकबे में सिंचाई होती है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि किसानों की मांग पर इस परियोजना से गेट खोलकर सिंचाई के लिए नहर में साढ़े पांच हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका है।

अधिकारियों ने यह भी बताया कि गरियाबंद जिले की सिकासार परियोजना में 95 प्रतिशत जल भराव हुआ है। इस परियोजना से लगभग तीन हजार क्यूसेक पानी नहर में छोड़ा गया है। जिससे एक सौ से अधिक गांवों की 26 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे की फसलों में सिंचाई हो रही है। बैठक में यह भी जानकारी मिली कि रायपुर जिले के पेण्ड्रावन परियोजना में 71 प्रतिशत और कुम्हारी मध्यम परियोजना में 98 प्रतिशत तक पानी भर चुका है। किसानों की मांग पर पेण्ड्रावन परियोजना से 40 क्यूसेक पानी नहर में छोड़ा जा चुका है। जिससे ग्यारह गांवों के किसान ढाई हजार हेक्टेयर रकबे की फसलों में सिंचाई कर रहे हैं। कुम्हारी परियोजना से 90 क्यूसेक पानी नहर में छोड़ा गया है और इससे 18 गांवों के किसान लगभग दो हजार छह सौ हेक्टेयर रकबे में लगी फसलों में सिंचाई कर रहे हैं।

महासमुंद जिले के जलाशयों में जल भराव की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि कोडार वृहद परियोजना में लगभग 44 प्रतिशत और केशवा परियोजना में लगभग 48 प्रतिशत पानी भर चुका है। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक हुई बारिश के हिसाब से दोनों परियोजनाओं की टोपोग्राफी और भू-स्थिति अनुसार जल भराव वर्तमान में संतोषजनक स्थिति में है। कोडार परियोजना से 150 क्यूसेक पानी नहर में छोड़ा गया है, जिससे 49 गांवों में साढ़े सोलह हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे की फसलों में सिंचाई की जा रही है। इसी प्रकार केशवा परियोजना से भी किसानों की मांग पर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। किसानों द्वारा मांग किए जाने पर इस परियोजना से लगभग तीन हजार सात सौ पचास हेक्टेयर रकबे में लगी फसलों के लिए पानी दिया जाएगा।

## पंजीयन व नवकरण के लिए 31 दिसम्बर तक आवेदन पत्र आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत ऐसे श्रमिक जिनकी पंजीयन की वैधता समाप्त हो गई है तथा पंजीयन नवकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है, ऐसे निर्माण श्रमिक 31 दिसम्बर 2024 तक पंजीयन व नवकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि निर्धारित तिथि के पश्चात अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केन्द्र के टोल फ्री नंबर 0771-3505050 पर संपर्क कर सकते हैं।

## मराठा मंडल द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई



राजनांदगांव (दावा)। हर्ष हर साल की तरह इस वर्ष भी मराठा मंडल लोहार पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव आज लगभग 100 वर्षों से मनाई जा रहा है इस साल भी शोभायात्रा कृष्ण जी की और 26 तारीख की स्थापना तथा 28 तारीख के बैंड पार्टी पंछी नाच राउत नाचा के साथ आज 28 तारीख को शाम 3:00 बजे विसर्जन होगा।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निर्देशात्मक सूचना**

**द.पू.म. रेलवे मिक्स्ड हाई स्कूल, डोंगरगढ़ में संविदा शिक्षक का नियोजन**

अधिसूचना संख्या: P/NGP/RCT/2024/3/1 दिनांक: 21.08.2024

शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए 30.04.2025 तक की अवधि के लिए पूरी तरह से संविदा आधार पर शिक्षक के निम्नलिखित पद के लिए वॉक-इन इंटरव्यू दिनांक **06.09.2024** को **10:00** बजे वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, द.पू.म. रेलवे, नागपुर के कार्यालय में आयोजित किया जाएगा।

**प्राथमिक विद्यालय शिक्षक (पी.एस.टी.) (SECRMHS/डोंगरगढ़/छत्तीसगढ़) - 01 पद**

उम्मीदवार नागपुर मंडल के वेबसाइट **https://secr.indianrailways.gov.in** पर नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक कर के निर्धारित प्रारूप (अर्थात Annexure-1) डाउनलोड करें। विस्तृत पात्रता मानदंड और अन्य नियम व शर्तें वेबसाइट पर अधिसूचना में उपलब्ध हैं।

पथ इस प्रकार है: **Recruitment / News / Press Release > Recruitment > Nagpur Division > Notification for Contract Teachers, Dongargarh 2024-25**

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने साथ विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र (Annexure-1), प्रमाण-पत्रों और प्रशंसापत्रों की स्व-सत्यापित ज़ेरॉक्स प्रतियाँ, अनुभव प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट आकार की तस्वीर और आवश्यक मूल दस्तावेज़ साथ उपस्थित रहें। उम्मीदवारों को दिनांक 06.09.2024 को सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे के बीच वॉक-इन इंटरव्यू के लिए कार्यक्रम स्थल पर अपना पंजीकरण करना होगा।

AIM/23-91 **सहायक कार्मिक अधिकारी-III, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

## अनमोल दावा

> व्यक्ति जो चाहे बन सकता है यदी वह विश्वास के साथ इच्छित वस्तु पर लगातार चिंतन करे।

# फिल्म इंडस्ट्री से उठा महिलाओं के शोषण का पर्दा, हेमा समिति की रिपोर्ट ने खोला काला चिट्ठा

हिंदी फिल्म उद्योग में महिला कलाकारों और खासतौर पर फिल्मी दुनिया में जगह बनाने पहुंची नई युवतियों को कैसी विपरीत परिस्थितियों और कई बार शोषण का सामना करना पड़ता है, इससे संबंधित खबरें पहले भी आती रही हैं।

मलयालम फिल्म उद्योग को लेकर एक धारणा रही है कि केरल में होने के नाते वहां की स्थितियां बेहतर होंगी, महिलाओं के लिए अपेक्षया ज्यादा सहज और अनुकूल माहौल होगा। मगर कुछ महिला कलाकारों के आरोप के बाद अब जो मामले उजागर हो रहे हैं, उससे यही लगता है कि पर्दे पर प्रगतिशील और महिलाओं के हक में दिखने वाली फिल्मी दुनिया का भीतरी ढांचा कई स्तर पर महिलाओं के खिलाफ बहुस्तरीय शोषण की शर्मनाक तस्वीर भी छिपाए हुए है।

मलयालम फिल्म उद्योग में महिला कलाकारों के शोषण के मसले पर 2017 में गठित न्यायमूर्ति हेमा समिति की रपट के अब सामने आने के बाद कुछ पुराने मामले भी उभर रहे हैं। गौरतलब है कि एक अभिनेत्री ने मलयालम फिल्मों के एक निर्माता रंजीत पर अनुचित व्यवहार करने का आरोप लगाया, जिसके बाद रविवार को रंजीत ने केरल चित्रकला अकादमी के प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया। वहीं एक अन्य अभिनेत्री के यौन उत्पीड़न के आरोप के बाद अभिनेता सिद्दीकी ने च्एसोसिएशन आफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्सज् के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया।

यों आरोपों के घेरे में आने वाली हस्तियों ने सच्चाई सामने आने का इंतजार करने का हवाला दिया है, मगर इस मसले पर गठित समिति की रपट में जो हकीकत सामने आई है, उसके बाद किस तरह के सच की उम्मीद की जा सकती है! संभव है कि आरोप और उसके साबित होने के बीच लंबा फासला हो। यह भी परिस्थितियों पर निर्भर करता है कि फिल्म में काम पाने के लिए किसी महिला को मजबूरी में जो समझौते करने पड़े, शोषण या भेदभाव के मसले पर चुप रहना पड़ा, उसके काफी समय बीत जाने के बाद आरोप उसी रूप में साबित हो सकें।

मगर मलयालम फिल्मों की दुनिया में महिलाओं के साथ होने वाले अनुचित व्यवहारों को हेमा समिति ने जिस शक्ल में दर्ज किया है, उससे साफ है कि पर्दे पर दिखने वाली प्रगतिशील कहानियों का नेपथ्य महिला कलाकारों के लिए उतना ही अनुकूल नहीं रहा है। वैसी स्थिति की कल्पना भी बेहद तकलीफदेह है जिसमें किसी महिला को उस व्यक्ति की पत्नी की भूमिका निभानी पड़ी, उसे गले लगाना पड़ा, जिसने एक दिन पहले उसका यौन उत्पीड़न किया था।

ऐसी न जाने कितनी घटनाएं काम नहीं मिलने और यहां तक कि प्रतिबंध लगाए जाने के हालात और मजबूरी के दुख में दब कर रह जाती होंगी और पर्दे पर चलती कहानियों के आधार पर फिल्म जगत की भीतरी दुनिया के बारे में लोग सकारात्मक राय बनाते होंगे। मगर उस दुनिया में महिलाओं के लिहाज से हकीकत कई बार उलट भी हो सकती है। किसी फिल्म की कहानी महिलाओं से होने वाले भेदभाव, उनके शोषण से जुड़े मुद्दे उठाती दिख सकती है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि इसके निर्माण से जुड़े समूह में महिलाओं के हक और सम्मान का भी उतना ही खयाल रखा गया हो।

हिंदी फिल्म उद्योग में महिला कलाकारों और खासतौर पर फिल्मी दुनिया में जगह बनाने पहुंची नई युवतियों को कैसी विपरीत परिस्थितियों और कई बार शोषण का सामना करना पड़ता है, इससे संबंधित खबरें पहले भी आती रही हैं। एक अघोषित चलन के तौर पर च्कास्टिंग काउचज् नई महिला कलाकारों के लिए क्या साबित होता होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। यह देखने की बात होगी कि न्यायमूर्ति हेमा समिति की रपट में जो सामने आया है, उसमें बदलाव के लिए सरकार और खुद फिल्म जगत क्या करता है!

# यूपीएस कैसे ओल्ड पेंशन स्कीम और नेशनल पेंशन सिस्टम से अलग है?

**संदीप राय**

नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) में सुधारों की लंबे समय से चल रही मांग के बीच शनिवार देर शाम केंद्र सरकार ने यूनिफ़ाइड पेंशन स्कीम यानी यूपीएस योजना को मंज़ूरी दे दी है.

इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना अगले साल एक अप्रैल से लागू होगी और इसका फ़ायदा केंद्र सरकार के 23 लाख कर्मचारियों को मिलेगा. बीते कुछ सालों से सरकारी कर्मचारी ओल्ड पेंशन स्कीम की बहाली की मांग करते रहे हैं और कुछ राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में विपक्षी दलों ने इसे मुद्दा भी बनाया था.

विपक्ष शासित कुछ राज्यों में ओल्ड पेंशन स्कीम को बहाल भी किया गया, जिनमें राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पंजाब शामिल हैं. इस साल के अंत तक चार राज्यों- महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चुनाव की तारीख़ें भी घोषित हो चुकी हैं.आइए समझते हैं कि एनपीएस और ओपीएस से यूपीएस किन मायनों में अलग है और एक्सपर्ट और ट्रेड यूनियन नेताओं का इस पर क्या कहना है?जब 2004 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) की जगह न्यू पेंशन सिस्टम (एनपीएस) लेकर आई तो इसमें निश्चित पेंशन के प्रावधान को हटा दिया गया.

इसके साथ ही इसमें कर्मचारियों का अंशदान अनिवार्य कर दिया गया, इसमें कर्मचारी और सरकार के लिए समान रूप से 10 प्रतिशत का अंशदान करने का प्रावधान बनाया गया.

साल 2019 में इसमें सरकारी अंशदान को बेसिक सैलरी और डीए का 14 प्रतिशत कर दिया गया.नए प्रावधान के अनुसार रिटायरमेंट के बाद कर्मचारी जो कुल राशि बनी, उसका 60 प्रतिशत निकाल सकते हैं. बाकी 40 प्रतिशत को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और निजी कंपनियों की ओर प्रमोट किए गए पेंशन फ़ंड मैनेजर्स की विभिन्न स्कीमों में लगाना कर्मचारी के लिए अनिवार्य बना दिया गया.इन कंपनियों की ओर से पेश की गई स्कीमों का निम्नतम से उच्चतम जोख़िम के आधार पर चुनाव किया जा सकता है.

लेकिन सरकारी कर्मचारी यूनियनों का कहना है कि जब एनपीएस को लागू किया गया तो इसे ओपीएस से बेहतर बताया गया था, लेकिन 2004 के बाद भर्ती होने वाले जो लोग रियाटर हो रहे हैं उन्हें बहुत मामूली पेंशन मिल रही है.

शनिवार को यूनिफ़ाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) की जानकारी देते हुए इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, प्रधानमंत्री मोदी ने पेंशन से जुड़े मामलों पर डॉ. सोमनाथन (जो उस वक्त फाइनेंस सेक्रेटरी थे) के नेतृत्व में एक कमिटी बनाई थी.



उन्होंने कहा, देशभर के लेबर संगठनों से बातचीत करने और दुनिया के और देशों में मौजूद सिस्टम को समझने के बाद कमिटी ने यूनिफ़ाइड पेंशन स्कीम की सिफ़ारिश की, जिसे सरकार ने मंज़ूर कर लिया.

लेकिन कई यूनियन नेताओं ने उनके इस दावे को झूठा बताया है. उनका कहना है कि सरकार ने यूपीएस को लेकर उनके साथ कोई बातचीत नहीं की. नेशनल मूवमेंट फ़ॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने सवाल किया है कि कमिटी की सिफ़ारिश कब पेश हुई और कब इस पर विमर्श हुआ, ये किसी को पता नहीं. कमिटी की रिपोर्ट क्या है ये भी किसी को नहीं पता.उन्होंने बीबीसी हिंदी से कहा, सभी जानते हैं कि हम लोग पूरे देश में ओल्ड पेंशन स्कीम की बहाली का आंदोलन चला रहे हैं, लेकिन सरकार ने यूपीएस लाने से पहले हमसे बात करना उचित नहीं समझा. वो कहते हैं, मैंने प्रधानमंत्री मोदी को चार चिट्ठियां लिखी थीं, लेकिन किसी का कोई जवाब नहीं मिला. सरकार का दावा है कि यूपीएस, ओपीएस जैसा ही है, ऐसा है तो ओपीएस को ही लागू करने में क्या दिक्कत है? विजय कुमार बंधु ने कहा, यूपीएस में कहा जा रहा है कि अंतिम सेवा वर्ष की बेसिक सैलरी के औसत का आधा पेंशन के रूप में दिया जाएगा. इसके अलावा एनपीएस के तहत जो कर्मचारियों का 10 प्रतिशत अंशदान होगा वो नहीं मिलेगा. इसका मतलब कर्मचारी को न तो ओपीएस मिल पाया, न ही वो एनपीएस में रहा, वो तो अधर में लटक गया.

हालांकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि कर्मचारी एनपीएस और यूपीएस में विकल्प चुन सकते हैं.

इसके अलावा कर्मचारियों को अपना अंशदान भी देना पड़ रहा है, जबकि ओपीएस में पेंशन सरकार की ओर से मुहैया कराई गई सामाजिक सुरक्षा योजना पर पूरी तरह निर्भर थी.

कर्मचारियों का कहना है कि जो नया यूपीएस लाया गया है उसमें कर्मचारी के अपने अंशदान को निकालने को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है.

हालांकि यूपीस में ग्रैच्युटी के अलावा नौकरी छोड़ने पर एकमुश्त रक़म दी जाएगी. इसकी गणना कर्मचारियों के हर छह महीने की सेवा पर मूल वेतन और महंगाई भत्ते का दसवां हिस्से के रूप में होगी.

विजय कुमार बंधु ने यूपीएस में नौकरी की 25 साल की समय सीमा को लेकर कहा, यूपीएस में फुल पेंशन के लिए 25 साल की सीमा तय कर दी गई है. अर्द्धसैनिक बल के कर्मचारी 20 साल में रिटायर हो जाते हैं. यानी वो इस स्कीम से बाहर हो गए. ऐसे अन्य कई क्षेत्र हैं. इसलिए यूपीएस एक घाटे का सौदा है, सिर्फ नाम बदल दिया गया है.

वहीं नेशनल मिशन फ़ॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (भारत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत सिंह पटेल ने बीबीसी हिंदी से कहा, एनपीएस में दो समस्याएं थीं, पहला, सेवा के दौरान कर्मचारी को अपने पैसे पर अधिकार नहीं था, दूसरा, रिटायरमेंट पर उसे निश्चित प्रतिशत के तौर पर पेंशन की गारंटी नहीं थी और डीए भी शामिल नहीं था.लेकिन एनपीएस में एक फायदा था कि कर्मचारी का जमा धन उसे या उसके परिवार को मिल जाता था और एक निश्चित हिस्सा शेयर मार्केट में निवेश हो जाता था. वो पैसा सरकार को नहीं जाता था.उन्होंने कहा, हमारी मांग थी कि कर्मचारियों का पैसा उसे वापस कर दिया जाए और सरकार जो अंशदान करती है उसे वो वापस ले ले और उसके एवज़ में पुरानी वाली पेंशन के बराबर पेंशन दे दे.वो कहते हैं, यूपीएस तो एनपीएस से भी बुरा हो गया. सबसे बड़ी बात है कि अभी के एनपीएस में नियम है कि अगर सेवा के दौरान कर्मचारी की मौत हो जाती है तो उसके परिजन को पुरानी पेंशन स्कीम के तहत सैलरी का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलता है. लेकिन यूपीएस में तो ये भी प्रावधान नहीं है.देश की 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के मंच में शामिल सीटू के जनरल सेक्रेटरी तपन सेन ने भी बीबीसी हिंदी से बातचीत में स्वीकार किया कि सरकार ने इस मामले में उनसे कोई सलाह मशविरा नहीं किया.उन्होंने कहा, अधिकांश कर्मचारी संगठनों ने सरकार से ओल्ड पेंशन स्कीम में बिना छेड़छाड़ किए उसे ही बहाल करने पर ज़ोर दिया था. हमने ज़ोर देकर इस पर वार्ता करने को कहा था लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला.तपन सेन ने कहा, यूपीएस में कहा गया है कि डीए हटा कर बेसिक सैलरी का आधा पेंशन दिया जाएगा. लेकिन पांच साल के अंतराल में ही डीए का हिस्सा आम तौर पर बेसिक के बराबर या उससे अधिक हो जाता है. यूपीएस के तहत पेंशन भी आधी हो जाएगी.बिज़नेस स्टैंडर्ड की कंसल्टिंग एडिटर अदिति फडनीस ने बीबीसी हिंदी से बात करते हुए कहा कि न्यू पेंशन स्कीम को लाया इसीलिए गया था कि केंद्र सरकार के पेंशन बिल को संतुलित किया जा सके.वो कहती हैं, एनपीएस में कर्मचारियों की बचत का एक हिस्सा शेयर मार्केट में लगाए जाने का प्रावधान बनाया गया. यानी शेयर मार्केट के उतार-चढ़ाव के आधार पर जो रिटर्न मिलेगा उसी अनुपात में पेंशन बनेगी. यह फ़िक्स भी हो सकती है और परिवर्तनीय भी.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 242 : लक्ष्मण जी ने कहा, 14 वर्षों बाद भरत भैया का राजपद स्थाई हो जाएगा

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम माता से कह रहे थे, 'हे माता! आप और मैं दोनों अयोध्या राजपरिवार के सदस्य बाद में हैं, पहले हम इस राज्य की प्रजा हैं और इस राज्य के महाराज दशरथ ने अपने राजकीय दायित्व का दो राजकुमारों में विभाजन किया है। इसके अंतर्गत उन्होंने कुमार भरत को अयोध्या में रखना चाहा है और वे मुझे एक बड़ा उद्देश्य लेकर वन भेज रहे हैं। अतः इस दृष्टिकोण से भी आपको मेरे वन जाने को लेकर दुः खी नहीं होना चाहिए।' रानी सुमित्रा कक्ष में प्रवेश कर रानी कौशल्या के पास पहुंचीं। श्री राम और लक्ष्मण ने उन्हें प्रणाम किया। उन्होंने श्री राम से कहा, 'मैं तुम्हारी बात सुन रही थी राम! यह तुम ही हो जो जीवन की विपरीत परिस्थितियों और भीषण कष्टों के बीच भी सकारात्मकता और आनंद ढूंढ सकते हो। तुमने इस अप्रत्याशित निर्णय को भी कितनी सहजता से लिया है। क्या इसका और कोई विकल्प नहीं हो सकता है पुत्र?'

श्री राम ने कहा, 'नहीं है माता! यह निर्णय अप्रत्याशित हो सकता है, लेकिन पूरी तरह से अयोध्या राज्य के हित में है और स्वयं मेरे लिए भी इस निर्णय का दूरगामी महत्व है। अगर मैं युवराज होते हुए केवल अयोध्या नगरी तक सीमित हो जाऊंगा तो इस राष्ट्र के सुदूर वन प्रांतर में रहने वाले प्रजाजन की पीड़ा को कैसे समझ पाऊंगा? संभवतः पिता जी ने यही सोचा है कि राम को व्यावहारिक धरातल पर राजकाज और सैन्य परिपक्वता का प्रशिक्षण प्राप्त हो जाए।'

लक्ष्मण जी ने कहा,'लेकिन इसका लाभ क्या होगा भैया? 14 वर्षों के बाद भी यह तो स्पष्ट नहीं है कि जब आप अयोध्या लौटेंगे तो भ्राता भरत के स्थान पर आप युवराज का पद संभालेंगे। राजव्यवस्था की मान्य परंपरा तो यही कहती है कि अगर कोई व्यक्ति 14 वर्षों तक किसी राजपद पर रह गया तो उसका पद स्थाई हो जाता है।संभवतः इसीलिए माता केकेई ने 14 की संख्या का ध्यान रखा है।'

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -160

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 159 का हल

## सू- दोकू क्र.160

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.159 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

### चक्कर की असलियत

खबर पढ़कर, बानी बोले -''गजाधर !
मुझे बढ़ा अच्छा लगा।
मेरे मन में सुखद विचार आया।
पीएम मोदी जी ने राजस्थान हाईकोर्ट को
ही एक जयन्ती समारोह के
समापन कार्यक्रम में अदालतों में,
पेडिंग मुकदमें और देरी से
न्याय का मुद्दा उठाया।
गजाधर! मोदी जी ने साफ-साफ कहा यही -
कोर्ट के आगे चक्कर शब्द
अनिवार्य हो गया था।
कोर्ट के चक्कर मे फँस गये
तो उस चक्कर से कब निकलेंगे कुछ पता नहीं
पर अब दशकों बाद
चक्कर खत्म करने के लिए
देश ने प्रभावी कदम उठाऍ हैं।
तो गजाधर! कोर्ट के चक्कर का
रफु-चक्कर करने के लिए
प्रभावी कदम उठाने पर
आपके मन में क्या विचार आएं है ?
गजाधर मुस्कराए बोले - बानी !
भाषण में विज्ञापन में हमें
सब अच्छा लगता पर हमारा
जब कोर्ट-कचहरी से वास्ता पड़ता है
तब चक्कर की असलियत
का हमें पता चलता है। ''



-गिरीश बख्शी

## कहानी

### ''नंद के घर आनंद छाए''

नन्द जी के घर आनन्द आए
गोकुल में रौनकता है छाए
बधाईयों के बाजा सुनाए
नर-नारियाँ सब उत्सव मनाए।
नन्द के घर गोपाल आए
घर-आँगन में खुशियाँ छाए
सखी-सहेली पलना झुलाए
मैया यशोदा ममता लुटाए।
कण-कण से संगीत सुनाए
नर-नारी झूम-झूम नाचे गाए
फूल-फुलवारी महका जाए
देवता गगन से फूल बरसाए।
साधु-सन्तन दर्शन को आए
स्तुति-अभिनन्दन गीत सुनाए
कान्हा के सब आशीष पाए
अपना जीवन सफल बनाएं।
लाली-गुलाली चहुँ दिसि छाए
गोकुल में है खुशियाँ समाए
खोर-गली सब रंग-रंगा जाए
धरती-अम्बर में है रंगत आए।
भादो अष्टमी के दिन है आए
नारायण जी प्रकट हो जाए
भक्तों के यह शुभ दिन आए
जीवन को धन्य सभी हैं बनाए।
प्रभु जी आशीष ऐसा हम पाएं
धरती से पाप खत्म हो जाए
सुदामा की तरह, सम्पन्न बनाएं
द्रौपदी की तरह लाज बचाएं।



अशोक पटेल ''आशु''
तुस्मा, शिवरीनारायण (छ.ग.)
9827874578

## कविता

### ऐ मुसीबत

तुझसे दूर रहूं सोचता हूं,
कितनी प्यारी है दूर होती नहीं
इस जगत में सबसे प्यारा मै ही हूं ।।
तेरे ही कारण बन गया कठोर हूं
लगता नहीं अब किसी से डर
यूं तो तुझसे छुटकारा पाना चाहता हूं ।।
पर तू नहीं होती साथ,
तब होता अकेलेपन का एहसास
तू ही तो है जो देती जीवन भर साथ।।



गजेन्द्र बख्शी
32 रिद्धि सिद्धि कालोनी फेस 3 राजनादगांव (छग)

## राशिफल



**मेष** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जायेंगे। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा बन जायेगा। किसी काम में की गई मेहनत जरूर सफल होगी। आज व्यापार के सिलसिले में की गई यात्रा आज फायदेमंद रहेगी।



**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे, आपको ऐसा कर के अच्छा लगेगा। आज किसी बचपन के मित्र से आपकी मुलाकात हो सकती है,आप पुरानी बातों पर चर्चा करेंगे।



**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आ रही रुकावटों का रास्ता आज ढूंढ लेंगे। आप अपनी ऊर्जा को अच्छे कामों में लगायेंगे। आज आपको परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर चिंता रहेगी। उनकी सेहत और परिवार का ध्यान रखना आपकी जिम्मेदारी है।



**कर्क** — आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया प्राप्त होगा। आज अपनी काबिलियत पर भरोसा रखकर आगे बढ़ेंगे तो भविष्य में आपकी सफलता के अवसर बढ़ जायेंगे। कोई भी महत्वपूर्ण फैसला लेने में सहजता रहेगी।



**सिंह** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते हैं। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। आज के दिन आपके लिए कमियों से सीख लेकर आगे बढ़ने का है। ऐसा करने से आप उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। प्रतिष्ठित लोगों से फायदेमंद मुलाकात रहेगी।



**कन्या** — आज का दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आज यात्रा से आपको अपने परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। आज आपकी परिस्थितियों में बदलाव होगा। थोड़ा समय परिवार वालों के साथ बीताने और बातचीत करने से किसी खास मुद्दे का समाधान निकलेगा।



**तुला** — आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहने वाला हैं। समय का पूरा सदुपयोग करें। आज दूसरों को जितना ज्यादा महत्व देंगे, आपको भी उतना ही महत्व मिलेगा। आज पुश्तैनी जमीन-जायदाद से जुड़ा काम सुलझ सकता है। आज आपके घर में मांगलिक कामों की योजनाएं बनेंगी। संबंधों में मजबूती आएगी।



**वृश्चिक** — आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। माताएं अपने बच्चों को कुछ नया सिखाएंगी, जिससे बच्चों में नए विचार आएंगे। आज परिवार के कुछ जरूरी काम होंगे। आज किसी से फोन पर लम्बी बात हो सकती है। इससे रिश्ते और मजबूत होंगे। रूटीन में सुधार करने की जरूरत है।



**धनु** — आज आपके दिन की शुरुआत आपके अनुकूल होने वाली है। आज आप वर्किंग प्लेस पर खूब मेहनत करेंगे। आपको कई जिम्मेदारियां मिल सकती है, जिन्हें आप अच्छी तरह से निभायेंगे। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। आपके घर में उत्सव का माहौल बना रहेगा।



**मकर** — आज आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में जो भी रुकावटें आएंगी, उनसे आप कुछ सीख सकते हैं, ऐसे ही आपको आगे बढ़ने के नए मौके मिलेंगे। बिजनेस में अच्छे से काम को करने पर आपको फायदा होगा। कारोबार में कुछ नया करने के लिए चल रहे प्रयास सफल होंगे। दूसरों की मदद करने से आपको फायदा होगा।



**कुंभ** — आज आपका दिन बढ़िया गुजरेगा। किसी काम को पूरा करने के लिए शार्टकट तरीके अपनाने से बचें। निश्चित ही काम थोड़े विलम्ब से ही लेकिन पूरे हो जाएंगे। इस राशि के बिजनेसमैन के बिजनेस में बढ़ोतरी होगी। माताएं बच्चो को मोरल स्टोरी सुनाएंगी। आपके लिए आज का दिन अच्छा है।



**मीन** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में आज का दिन ठीक रहेगा। साथ ही कोई कलीग आपके काम में हेल्प करेंगे। आज किसी के बहकावे में न आये और अपने काम के प्रति सतर्क रहें। आपके परिवार में कोई नन्हा मेहमान आने के योग बन रहे हैं। आज आपके परिवार में खुशियों का माहौल बनेगा।

# 'जय कन्हैया लाल की' के जय घोष के साथ डोंगरगढ़ धाम में मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

डोंगरगढ़(दावा)। श्री कृष्णा की जन्मस्थली वृंदावन के तर्ज पर धर्मनगरी डोंगरगढ़ धाम में शताब्दी पूर्व से मनाया जाने वाला गोविंदा उत्सव पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जन्मोत्सव व दही हांडी लूट के लिए भक्तजनों द्वारा शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया।

ऐतिहासिक महावीर मंदिर में सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा स्थापना के साथ महावीर मंदिर में महंत साकेत विहारी, गोविंदोत्सव समिति के प्रमुख अनिल गट्टानी व धर्मप्रेमी भक्तजनों की उपस्थिति में पूजा आरती की रस्म पूर्ण की गई। महावीर मंदिर, नीचे मंदिर एवं अन्य देवालयों में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा एवं श्रृंगार के साथ शहर के विभिन्न वार्डो में झांकी सजाकर पूजा अर्चना की गई।



### दर्जनों स्थानों पर दही हांडी लूट का आयोजन किया गया

मंगलवार को गोविंदोत्सव के उपलक्ष्य में दर्जनों स्थानों पर शहर के विभिन्न समितियों की ओर से दही हांडी लूट का आयोजन किया गया। मुख्य आयोजन गोल बाजार, हाई स्कूल मैदान, रेलवे चौक, बुधावरी पारा, नाका पारा, खांडू पारा सहित अन्य चौक चौराहो में देखने को मिला। गोल बाजार में हनुमान भक्त समिति, नाकापारा देव नगर समिति, हाईस्कूल ग्राउंड में विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में हाई तकनीकी की लाईटिंग और जेसीबी से दही हांडी लूट का भव्य आयोजन रखा गया था। ग्वालों को टोली दही लूट के साथ इस आयोजन में भजनों और ढोल नगाड़ों की धुन पर थिरकते दिखे।

### शताब्दी वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था गोविंद उत्सव

धर्मनगरी में इस आयोजन की शुरुआत रेल कर्मी बाबूराय अन्ना ने प्रारंभ किया था। गोविंद उत्सव के भव्य आयोजन की शुरुआत 26 वर्ष पूर्व प्रतिष्ठित व्यवसायी मदन गोपाल रामानंद गहानी द्वारा की गई थी। शहर में निकलने वाले डोले की सजावट भगतसिंह चौक निवासी मुन्नुलाल रामकृष्ण कनोजिया के यहां किया जाता है। डोला महावीर मंदिर में प्रतिमा स्थापना के साथ शहर भ्रमण के लिए निकलता है। आयोजन का दायित्व रामानंद प्रकाशचंद गट्टानी के बाद प्रकाशचंद अनिल कुमार गट्टानी द्वारा किया जा रहा है।

○ गट्टानी परिवार के वंशज अनिल गट्टानी के नेतृत्व में निकाली गई भव्य शोभायात्रा
○ शहर के दर्जनों स्थान पर दही लूट का नजारा देखते ही बनता

### सुबह ऐतिहासिक महावीर मंदिर से शहर भ्रमण के लिए निकला श्री कृष्ण का डोला

सुबह मूंछ वाले हनुमान महावीर मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना एवं आरती के बाद डोला निकाला गया। जो नगर के विभित्र मार्ग थाना चौक, नया बस स्टैंड, ठेठवार पारा, हाईस्कूल चौक, सोल्हा पारा, भंडारी चाल, पुराना अस्पताल चौक, बुधवारी पारा, रेलवे चौक, रेलवे कॉलोनी, गुरुनानक चौक, खंडूपारा, जयस्तंभ चौक से गोल बाजार होते हुए महावीर तालाब मंदिर में रात शोभा यात्रा का समापन किया गया।

### दही हांडी लूट में इनामों की बौछार

गोल बाजार में हनुमान भक्त समिति व सेवा समिति के द्वारा दही मटकी लूट के विजेता को विशेष पुरस्कार सहित 44444 रुपए, वार्ड नंबर 1 में मौर्या ब्वॉयस गीविंदा उत्सव समिति ने 45555 रुपए, प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष देव नगर में देवार समाज युवा संगठन द्वारा मटकी फोड़ विजेता टीम के लिए 41111 रुपए की इनामी राशि रखी थी। इधर दूसरी ओर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हाईस्कूल ग्राउंड में हाईस्कूल गोविंदा उत्सव समिति द्वारा भव्य दही लूट का आयोजन सहित 55,555 रुपए के सबसे बड़ी राशि कृष्ण मटकी फोड़ दल के लिए रखी गई थी।

## शिक्षा के द्वारा ही एक बेहतर समाज की रचना की जा सकती है - छन्नी चंदु साहू



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहगांव में बम्हनी चारभाठा सर्किल कोसरिया यादव समाज के तत्वावधान में कृष्ण जन्मास्टमी उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रीमति छन्नी चन्दू साहू उपस्थित होकर श्री कृष्ण भगवान की कलश यात्रा का शुभारंभ कर जन मानस को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के जरिये हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। शिक्षा से ही समाज का समुचित विकास संभव है, ज्ञान वह संबल है, जिससे व्यक्ति अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता है। समाज को एक नई दिशा की ओर ले जाने के लिए सभी को मिलजुलकर कार्य करना होगा। समाज की एकता, तरक्की और भलाई के लिए आपसी समन्वय से काम करना है। समाज की शक्ति संगठन से होती है। समाज के विकास के लिए सभी को संगठित होना बहुत ही आवश्यक है।

इस अवसर पर अध्यक्ष धन्ना लाल यादव, सचिव मुरली यादव, उपाध्यक्ष जैलसिंह यादव, सरंक्षक छवि यादव, घसिया यादव, रेवा यादव, जयपाल यादव, अशोक यादव, लक्ष्मण यादव, तिजू यादव, रामेश्वर यादव, सरपंच संजू तुमरेकी, दसरथ यादव, कृत लाल यादव, संत राम यादव, हृदय यादव, पंच राम यादव, नूतन यादव, जहीर यादव, भगवानी यादव, केदार यादव, नीलकंठ यादव एवं समस्त स्वजातीय बंधु व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सांसद संतोष पांडे को शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन



छुरिया (दावा)। यादव समाज के कार्यक्रम में ग्राम मोहगांव पहुंचे जिले के सांसद संतोष पांडे को ब्लाक के शिक्षकों ने अपने विभिन्न मांगों एवं युक्त युक्तिकरण की विसंगतियों को दूर करने हेतु ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक मंच एवं शिक्षक एलबी संवर्ग छग के प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू के नेतृत्व में शिक्षकों ने सांसद को ज्ञापन सौंपा। जिसमें वर्तमान में हो रहे विसंगति पूर्ण युक्त-युक्तिकरण को रद्द करने सहित शिक्षक एलबी संवर्ग के प्रथम सेवा गणना करते हुए सहायक शिक्षकों एवं शिक्षक एलबी संवर्ग की वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नति वेतनमान देने एवं पुरानी पेंशन बहाल करने, 2008 से 2024 के बीच दिवंगत शिक्षक एलबी के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने, स्थानांतरित शिक्षकों की वरिष्ठता बहाल कर उन्हें पदोन्नति देने, वाणिज्य संकाय के पदों को समाप्त नहीं करते हुए संबंधित विषयों में योग्यताधारी शिक्षकों को पदोन्नति देने, राज्य में स्थानांतरण पर लगे प्रतिबंध को अविलंब हटाने, संस्कृत एवं अंग्रेजी के स्नातकोत्तर शिक्षकों को संबंधित विषयों में व्याख्याता के रूप में पदोन्नति देने, बिलिव डिग्रीधारी शिक्षकों को ग्रंथपाल के पदों पर पदोन्नति देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा गया।

○ यादव समाज के कार्यक्रम में मोहगांव पहुंचे थे सांसद
○ मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने बड़ी संख्या में पहुंचे थे शिक्षक
○ दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति देने मांग की गई

युक्ति कारण के संबंध में शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2008-09 के तहत स्वीकृत सेटअप, जिसमें प्राथमिक शाला में न्यूनतम एक अनुपात दो एवं मिडिल स्कूलों में एक अनुपात चार तथा हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में एक अनुपात छह के आधार पर सेटअप को स्वीकृति देने आदि की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ शिक्षक भानदास साहू, प्रधान पाठक मंच के प्रदेश महामंत्री प्रमोद कुंभकार, राजेश बघेल, प्रधान पाठक हेमलाल सहारे, सहायक शिक्षक नारद सहारे, शिक्षक धर्मोक्ष जामुरिया, शिक्षक उमाशंकर साहू, गिरधारी सहारे, मानेंद्र सिन्हा, मुकेश दिवाकर, उत्तम साहू, नरेश नेताम, दिनेश ठाकुर, मधुसूदन ध्रुव, उत्तरा साहू, रूखमणी नेताम, दीप्ति सिन्हा आदि शामिल थे।

## जन्माष्टमी पर राम सप्ताह व दही हांडी का आयोजन



घुमका (दावा)। गौरव ग्राम घुमका में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राम सप्ताह का आयोजन गोविंदा उत्सव व राम सप्ताह समिति द्वारा किया गया। जन्माष्टमी के दिन महावीर चौक स्थित मंदिर में आचार्य गनपत दुबे द्वारा सदस्यों, गणमान्य नागरिकों, कृषि समति अध्यक्ष बहल वर्मा, जयकुमार वर्मा आदि को विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान स्थापना कराया गया। चौबीस घण्टे तक लगातार ग्रामवासियों व समिति के सदस्यों द्वारा रामधुनी कर भजन किया गया जिसका समापन आज हवन के पश्चात गांव में शोभायात्रा भजन व राउत नाच के साथ दही हांडी प्रतियोगिता के साथ हुआ।

दही हांडी का प्रमुख कार्यक्रम बाजार चौक ग्राम पंचायत व ग्रामीणों के सहयोग से रखा गया जिसमें प्रथम पुरस्कार 2100 रु ब्राम्हण पारा के टोली द्वारा प्राप्त किया गया। पुरुस्कार वितरण ग्राम की सरपंच फूलमती जयकुमार द्वारा किया गया। साथ में पंचगण डिलेश्वर वर्मा, शैलेन्द्र वर्मा, रूपनारायण साहू, रेवती बघेल, पूर्णिमा वर्मा आदि उपस्थित रहे। सरपंच श्रीमति वर्मा ने जन्माष्टमी व दही हांडी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक उत्सव पर गांव की एकता व अखंडता देखते ही बनती है हमारे गांव की जनता व गांव पर श्री कृष्ण जी की कृपा ऐसे ही बनी रहे यही हम सब कामना करते हैं। राम सप्ताह कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष नूनकरन वर्मा, संरक्षक विजय दास वर्मा, पचकौड वर्मा, सचिव केशव सेन, कोषाध्यक्ष खेम देवांगन, जयकुमार वर्मा, दिलीप पटेल, नोहेंद्र सिन्हा, बलराम वर्मा, प्रकाश वर्मा, गोपी यदु, ओमप्रकाश पटेल, कन्हैया सेन, किशुन यादव, मन्नू वर्मा, शिव पटेल, हेम देवांगन, राम यादव, घोशुल वर्मा व गोविंदा उत्सव राम सप्ताह समिति के अन्य सदस्यों व ग्रामवासियों का योगदान रहा।

## जनप्रतिनिधियों की अपेक्षा के कारण खुज्जी करमरी मार्ग बदहाल

(राजेश मेश्राम)



जोंधरा (दावा)। पूरे खुज्जी विधानसभा में सड़कों की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है, कई मार्ग जिसमें खुज्जी से करमरी गुंडरदेही से उमरवाही, बड़गांव से गोडलवाही, गोड़लवाही से करमरी और आमाकट्टा से बावली, मासुलकसा आदि मुख्य मार्ग हैं। जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों नहीं अपितु हजारों राहगीरों का आना-जाना होता है पर राहगीरों को जिन पथ से होकर इन दिनों गुजरना पड़ रहा है उसकी व्यथा तो राहगीर ही बता सकता है। खुज्जी से करमरी मार्ग की दूरी मात्र 12 किलोमीटर है साथ ही बालोद जिला के देवरी और दल्लीराजहरा जाने का एक मात्र मुख्य मार्ग है जहां कम से कम 10 से 15 बसो की आवाजाही प्रतिदिन होती है। इसके अतिरिक्त गढ़चिरौली महाराष्ट्र की तरफ से आने वाली ट्रक भी धमतरी मार्ग में जाने के लिए इसी मार्ग से ही होकर गुजरती हैं। आसपास ग्रामों के लिए डोंगरगांव से इकलौता महाविद्यालय होने के कारण क्षेत्र के समस्त छात्र एवं छात्राएं भी इसी मार्ग से ही होकर गुजरते हैं। सड़क जब इतना महत्वपूर्ण है तो निःसंदेह इस मार्ग से गुजरने वाली बसों की परमिट के रूप में इस मार्ग के लिए टैक्स तो देते ही हैं फिर क्यों इस मार्ग की अनदेखी सरकार द्वारा की जा रही है।

### सैकड़ों जगह पर गहरे गड्ढे

खुज्जी से करमरी तक इस मार्ग में कई जगहो पर गहरे गढ्ढे है कहीं-कहीं तो मुख्य मार्ग होने के बाद भी पैदल चलना पड़ता है। सड़क की तो छोड़ दीजिए खुज्जी रतनभाठ और करमरी के बीच बने एक मात्र पुलिया में दरार तक आ चुकी है जो कभी भी जानलेवा साबित हो सकती है।

### 1972 से निर्मित मार्ग

खज्जी करमरी मार्ग सन 1972 से निर्मित है और आज सन 2024 में पूरा 43 साल बीत जाने के बाद भी इन 40 सालों में इस मार्ग का ना तो कभी चौड़ीकरण किया गया और ना ही कभी कभी पूरी तरह डामरीकरण ही किया गया। हॉ बीच-बीच में मात्र गढ्ढो को पाटकर सिर्फ जगह विशेष को ही डामरीकरण किया गया जाता रहा है ।

### दो जिलों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क

खुज्जी करमरी मार्ग ही सीधा बालोद जिला के दल्ली राजहरा और आगे बस्तर के भानुप्रतापपुर तक पहुंचता है, पर सड़कों की दयनीय स्थिति के कारण चार पहिया वाहन वाले अन्यत्र मार्ग की तलाश करते हैं जिससे वह गंतव्य तक जल्दी पहुंच सकें। इससे इस मार्ग में दुकान खोलकर बैठे व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

क्षेत्रीय ग्रामीणों के इस मार्ग की जर्जर स्थिति के लिए जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदार बताया है। जनमानस का आरोप है कि उनके द्वारा चुने गए प्रतिनिधि क्षेत्र की सड़कों की खराब स्थिति में ना तो कभी केंद्र के संसद भवन में उठाया गया और ना ही राज्य के विधानसभा में उठाया गया है।

> मार्ग की स्थिति अत्यंत ही खराब है बारिश के चलते काम कर पाना संभव नहीं है। इसी सप्ताह ही गढ्ढों की भराई विभाग द्वारा कर ली जाएगी।
>
> – हर्षद साहू एसडीओ पीडब्ल्यूडी

## यादव समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद संतोष पाडे, सामाजिक भवन के लिए दिए 5.00 लाख रुपए



छुरिया (दावा)। कोसरिया यादव समाज सर्किल बम्हनी चारभांठा द्वारा आयोजित कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में मोहगांव पहुंचे सांसद पांडे का यादव समाज द्वारा राऊत नृत्य के माध्यम से जोरदार जोशीला स्वागत किया गया। सभास्थल पर विराजमान श्री कृष्ण कन्हैया लाल की प्रतिमा पर पूजा अर्चना, माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात समाज के अध्यक्ष धन्ना लाल यादव ने पांडे जी का पारंपरिक खुमरी पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर मुख्यरूप से रविंद्र वैष्णव महामंत्री जिला भाजपा, चंद्रिका प्रसाद, अजय पटेल, सुरेंदर सिंह भाटिया, संजय कुमार सिन्हा, कांति लाल, कांता प्रसाद साहू मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते श्री पांडे ने कहा कि अयोध्या की तरह मथुरा में भी बनेगा भव्य कृष्ण भगवान का मंदिर उक्त कार्यक्रम रविंद्र वैष्णव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कार्यकर्ता व समाज के मुख्या नैनसिंग पटेल, अशोक मरकाम, शीशपाल पटेल, राजेश्वर ध्रुवे, भूखन लाल, टीकम साहू, कुंदन बडोले, तीरथ विश्वकर्मा, छबीलाल यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## प्रभातफेरी निकालकर फहराया तिरंगा



बांधाबाजार (दावा)। स्वतंत्रता दिवस पर जिलेभर में ध्वजारोहण का आयोजन हुआ। वहीं ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगीत गाकर तिरंगे को सलामी दी गई। इसके अलावा लोगों ने मिष्ठान वितरण भी किया। इसी कड़ी में बांधाबाजार हाईस्कूल से स्कूली बच्चों ने प्रभातफेरी निकालकर गांव का भ्रमण किया। प्रभातफेरी गांव की गलियों में भ्रमण पश्चात जयस्तंभ चौक में समापन हुआ। जयस्तंभ चौक में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व राजगामी संपदा के पूर्व सदस्य व बांधाबाजार के पूर्व उपसरपंच रमेश खंडेलवाल ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। अध्यक्षता सरपंच कीर्ति मंडावी ने किया।

इस अवसर पर अतिथियों, शिक्षकों, स्कूली बच्चों और उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। तत्पश्चात अतिथियों ने अपना उद्बोधन दिया। इसके बाद स्कूली बच्चों ने गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं स्कूली बच्चों के कार्यक्रमों को देखकर उपस्थितजनों ने तालियां बजाकर उनको प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बांधाबाजार सरपंच कीर्ति मंडावी, उपसरपंच एवं पूर्व सरपंच रामचंद्र नेताम, गांव के वरिष्ठ नागरिक चरणदास वैष्णव, रंजन साहू, राजेन्द्र शर्मा, चितलेश अग्रवाल, आशीष ठक्कर, ग्राम पंचायत के पंच संदीप मेश्राम, शांतिबाई, पंच हरदेव सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, दिलीप शर्मा, महेन्द्र शर्मा, भारत सिंह चौहान, आशीष ठक्कर, राजेन्द्र शर्मा, अंगद पटेल, किशोर मेश्राम, श्री गुप्ता, गौरव शर्मा, समेत अन्य गांव के पंचायत पदाधिकारी, स्कूली बच्चे शामिल थे।

स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

## भगवान श्री कृष्ण जी जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया



छुईखदान (दावा)। वैष्णव बैरागी रियासत भगवान श्री कृष्ण भक्तों के नगर में 26 अगस्त दिन सोमवार को रानी मंदिर, बाईसाहब राधाकृष्ण मंदिर, जमात जगन्नाथ मंदिर, श्री राम मंदिर, राजमहल मंदिरों में आठे कन्हैया पर हर्षोल्लास धूमधाम से जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। रानी मंदिर समिति छुईखदान के संरक्षक लतारानी लाल जे.के.वैष्णव ने जानकारी दी कि सप्ताह भर पूर्व से जन्माष्टमी मनाने की तैयारी प्रारंभ हो जाती है। आठे कन्हैया के दिन सुबह मंदिर परिसर को तोरण पताका, फूलमाला, ध्वज से सजाया गया। दिनभर भजन कीर्तन संध्या उपरांत रात्रि बारह बजे ढोल नगाड़ों, फटाका आतिशबाजी के मध्य, घंटा ध्वनि शंख ध्वनि के साथ भगवान श्री कृष्ण जी जन्मोत्सव मनाया गया। आरती पश्चात 'भय प्रकट कृपाला दीन दयाला' की सामूहिक स्तुति, राधे-राधे भजन जन्मोत्सव गीत संगीत गायन हुआ। भगवान के प्रिय माखन, मिश्री, धनिया पंजीरी, पंचामृत, फल मिठाई आदि का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। भक्तजन बालगोपाल श्री कृष्ण को झूला झूलाने अपने बारी का इंतजार किये। छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान राधा कृष्ण वेशभूषा में बहुत सुंदर मनमोहक झांकियां प्रस्तुति दी।

रानीमंदिर छुईखदान में परमानंद पाण्डेय एवं साथियों द्वारा गीतांजलि भजनामृत भजन मंडली की संगीतमय भजन संध्या कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में भक्त जन, विशेष रूप से महिलाओं की उपस्थिति में भगवान श्री कृष्ण की गीतों पर झूमकर थिरके नाचें गाएं। 27 अगस्त मंगलवार को लाल जे के वैष्णव ने प्रतीकात्मक रूप से मंदिर परिसर में दहीलूट का छोटे बच्चों के साथ में आयोजन संपन्न हुआ। जय जगन्नाथ सेवा समिति एवं रानी मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा मंदिर परिसर की साफ-सफाई से लेकर भव्य जन्माष्टमी महोत्सव मनाए जाने पर जनमानस ने बहुत प्रसन्नता व्यक्त किया।

भगवान श्री कृष्ण जी जन्मोत्सव पर भीमू संतोष ज्वेलर्स, अनिल पुजारी, पं.अरविन्द शर्मा, शिवेन्द्र किशोर दास, आदित्य देव वैष्णव, पार्तिका संजय महोबिया, विजय दुबे, शरद डब्बू श्रीवास्तव, दिनेश मुकेश महोबिया, पं. शैलेन्द्र तिवारी, गजेन्द्र, करण सिंह, अनुभव सोनी, गिरीश श्रीवास, पीयूष महोबिया, योगेश महोबिया, जितेन्द्र देवांगन, कमलेश यादव, राहुल, संतोष, संजय लल्ला, भूपेन्द्र, लतारानी लाल जे के वैष्णव, शिवानी मिश्रा, भारती यादव मणीमंजरी वैष्णव, माधव लल्ला सहित बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित रहे।

## खंडेलवाल ने किया पंचायत भवन में वृक्षारोपण



बांधाबाजार (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बांधाबाजार के ग्राम पंचायत भवन में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व राजगामी संपदा के पूर्व सदस्य व बांधाबाजार के पूर्व उपसरपंच रमेश खंडेलवाल ने वृक्षारोपण अभियान का पौधा लगाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सरपंच कीर्ति मंडावी समेत गुंडरदेही, बांधाबजार, कोटरा, जोरातराई समेत अन्य गांव के ग्रामीण शामिल थे।

## शासकीय विद्यालय टटेंगा में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम आयोजित



हरदी (दावा)। विगत दिनों शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य आरके देवांगन ने की। अपने उद्बबोधन में उन्होंने चंद्रयान 1, चंद्रयान 2 व चंद्रयान 3 से जुड़ी बाते बताई। साथ ही छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्हें भविष्य में देश का नाम रोशन करने को कहा। कार्यक्रम में व्याख्याता रेशमी साहू एवं व्याख्याता पवन सिन्हा के द्वारा चंद्रयान 3 का मॉडल दिखाया गया। चंद्रयान 3 व रॉकेट से जुड़े सामान्य ज्ञान, प्रश्नोत्तरी के माध्यम से दिया गया। व्याख्याता अजय पाठक के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया तथा चंद्रमा से जुड़ी बातें बच्चों को बताई गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## आज शासन-प्रशासन के विरोध में दिव्यांगजन स्वाभिमान पैदल मार्च रैली



खुज्जी(दावा)। जिला दिव्यांग संघ राजनांदगांव अध्यक्ष हेमन दास साहू के अनुसार छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ के द्वारा विभिन्न शिकायत एवं मांग पत्रों के माध्यम से शासन प्रशासन व उनके संबंधित विभागों के अधिकारियों को बार-बार अनुनय, विनय, निवेदन किया जा चुका जिस पर शासन प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार की ठोस कार्यवाही नहीं किये जाने से 08/08/2024 को हमारे संगठन के द्वारा मुख्यमंत्री को 27 अगस्त तक कार्यवाही करने की बात कही गई है उक्त अवधि में 6 सूत्रीय मांग पूरा नहीं किये जाने पर छतीसगढ़ के समस्त दिव्यांग आज 28 अगस्त को सुबह 10 बजे से काली पट्टी लगाकर शासन के खिलाफ दिव्यांगजन स्वाभिमान पैदल मार्च निकाल कर शासन प्रशासन की नाकामियों व दिव्यांग जनों के साथ हो रहे अत्याचार व दिव्यांग कोटे मे फर्जीवाड़ा करने वाले फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने वाले डॉक्टर के नामो को बताते हुए मरीन ड्राइव रायपुर से मुख्यमंत्री निवास तक चलेंगे, जिसमें रास्ते मे किसी भी दिव्यांग जनो के साथ कोई भी अप्रिय घटना के लिए शासन प्रशासन जिम्मेदार होगा।

संघ की मांगों को बताते हुए कहा कि हमारी प्रमुख मांगों में हमारे संघ के शिकायती पत्रों में उल्लेखित समस्त फर्जी दिव्यांग जनो का राज्य मेडिकल बोर्ड से दिव्यांगता का भौतिक परीक्षण कराकर फर्जी दिव्यांग शासकीय कर्मियों को बखास्त किया जावे। दिव्यांग जनों को प्रतिमाह 5000 रूपये मासिक पैशन दिया जावे एवं बीपीएल की बाध्यता खत्म किया जावे। 18वर्ष से ऊपर के अविवाहित विवाहित युवती महिलाओं को महतारी वंदन योजना में शामिल किया जावे। दिव्यांगजनों के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाकर अति शीघ्र शासकीय पद निकालते हुए विज्ञापन जारी किया जावे। शासकीय दिव्यांग कर्मियों को पदोन्नति में 4 प्रतिशत आरक्षण दिया जावे। बेरोजगार दिव्यांगों को बिना गारंटर लोन दिलाया जाए एवं कोरोना पूर्व दिए गए समस्त ऋण माफ किया जावे।

# पहला कॉलम...

## सुपर-30 के आनंद कुमार बने कोरियाई पर्यटन के ब्रांड एंबेसडर

सियोल। सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार को दक्षिण कोरिया में कोरियाई पर्यटन का मानद राजदूत नामित किया गया है। आनंद कुमार का कोरिया में जोरदार स्वागत किया गया और कोरिया पर्यटन संगठन (केटीओ) के मुख्यालय सेग्ये-आरओ, वोनजू-सी में एक समारोह के दौरान उनको शपथ दिलाई। केटीओ के कार्यकारी उपाध्यक्ष हक्जू ली ने आनंद कुमार को शपथ दिलाई। इस अवसर पर बोलते हुए, ली ने कहा कि आनंद कुमार ने समाज के वंचित वर्गों के छात्रों के लिए काफी काम किया है। इसलिए भारत और कोरिया में उनकी काफी लोकप्रियता है। आगे उन्होंने कहा कि आनंद कुमार के अच्छे कार्यों की बदौलत उन्हें कोरियाई पर्यटन के लिए ब्रांड एंबेसडर चुना गया। केटीओ के कार्यकारी उपाध्यक्ष हक्जू ली आगे कहा कि इसका उद्देश्य इस अवसर का उपयोग भारत और कोरिया के युवाओं को एक-दूसरे को जानने, एक-दूसरे की संस्कृति, शिक्षा और बहुत कुछ समझने के लिए दोनों देशों के विकास और समृद्धि में भागीदार बनाने में एक दूसरे के संपर्क को बढ़ाना है। कोरिया में हुए कार्यक्रम में आनंद कुमार की किताब सुपर 30 पर चर्चा हुई। इस किताब का अनुवाद कोरियाई भाषा में किया गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षाविद् और छात्र जुटे। लोगों को संबोधित करते हुए आनंद कुमार ने कहा कि कार्यक्रम में युवाओं की प्रतिक्रिया जबरदस्त दिखाई दी और इससे उन्हें भारत में होने का एहसास हुआ।

## 19 महीने बाद टेस्ट टीम में वापसी करने पर सूर्या की नजर

नई दिल्ली। भारतीय टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की नजरें टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने पर हैं। 33 साल के सूर्यकुमार लगभग एकसाल के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी करने को तैयार हैं। वह बुची बाबू इंटविटेशनल टूर्नामेंट में खेलेंगे। इसके बाद वह दलीप ट्रॉफी में भी शिरकत करते हुए नजर आएंगे। इस बीच उन्होंने फिर से टेस्ट टीम में वापसी करने की अपनी इच्छा जाहिर की है। दरअसल, सूर्यकुमार यादव को टेस्ट क्रिकेट में वापसी का एक और मौका मिला है। फरवरी 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर में खेले गए टेस्ट के बाद से वह इस फॉर्मेट में नहीं खेले हैं, जो कि उनका टेस्ट क्रिकेट में पहला मैच था। पिछले साल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और वेस्टइंडीज दौरे के लिए उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया था, लेकिन नागपुर टेस्ट के 19 महीने बाद अब फिर से वह टेस्ट क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं। भारतीय टीम इस साल कुल 10 टेस्ट मैच खेलने वाली हैं, जिसमें अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज, अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच और दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी।

## जापान के हवाई क्षेत्र में घुसा चीन का जासूसी विमान,दोनों देशों में बढ़ा तनाव

टोक्यो। चीन अपने नापाक हरकतों से बाज नहीं आता है। एक बार फिर चीन ने ऐसी ही हरकत की है जिसपर जापान ने आपत्ति जताया है। एक चीनी जासूसी विमान लगभग दो मिनट तक जापान के हवाई क्षेत्र में देखा गया। जापान के शीर्ष सरकारी प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि एक दिन पहले चीनी सैन्य विमान ने कुछ समय के लिए जापानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया था। उन्होंने इस घटना को %बिल्कुल अस्वीकार्य% क्षेत्रीय उल्लंघन और सुरक्षा के लिए खतरा बताया। मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि सोमवार को एक चीनी ङ्घ-9 टोही विमान कुछ समय के लिए जापान के दक्षिण-पश्चिमी हवाई क्षेत्र में घुस आया था। हवाई क्षेत्र में विमान के घुसते ही सेना को अपने लड़ाकू विमानों को वापस बुलाना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह पहली बार था जब जापानी सेल्फ डिफेंस फोर्स ने जापान के हवाई क्षेत्र में एक चीनी सैन्य विमान का पता लगाया। हयाशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जापान के हवाई क्षेत्र में चीनी सैन्य विमानों का प्रवेश न केवल हमारे क्षेत्रीय अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है, बल्कि सुरक्षा के लिए भी खतरा है। हमें यह बिल्कुल अस्वीकार्य है।

## अब नई टीम से खेलेंगी स्मृति मंधाना

नई दिल्ली। इंडिया क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने एक बार फिर से महिला बिग बैश लीग में खेलने का फैसला किया है। इस बार वो मौजूदा चैंपियन एडिलेड स्ट्राइकर्स के लिए खेलती हुई नजर आएंगी। उन्होंने फ्रेंचाइजी के साथ प्री-ड्रॉफ्ट ओवरसीजन कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। ऐसा करने वाली वो पहली भारतीय खिलाड़ी बन चुकी हैं। स्मृति मंधाना पिछले 10 सालों से इस लीग में खेल रही हैं। वह अब तक इस लीग में 4 टीमों के साथ खेल चुकी हैं। स्मृति मंधाना के अलावा अन्य भारतीय खिलाड़ी भी इस लीग में खेलती हुई नजर आएंगी।स्मृति मंधाना ने 2016 में पहली बार महिला बिग बैश लीग में हिस्सा लिया था। इसमें उन्होंने ब्रिस्बेन हीट की टीम से मैच खेला था। इसके बाद 2018-19 में उन्होंने होबार्ट हरिकेन्स की ओर से मैच खेला, जबकि 2021 में वो सिडनी थंडर्स की टीम का हिस्सा थीं। 2023 के सीजन में उन्होंने ब्रेक लिया था। इस बार उन्होंने एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ करार किया है।

# महाराजा ट्रॉफी टी20 : चेतन की बदौलत बेंगलुरु ब्लास्टर्स ने मैसूर वॉरियर्स के खिलाफ दर्ज की 56 रनों की जीत




बेंगलुरु। बेंगलुरु ब्लास्टर्स ने महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 में मैसूर वॉरियर्स को 56 रनों से हराकर लगातार तीसरी और टूर्नामेंट में अपनी पांचवीं जीत दर्ज की।

चेतन एलआर ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में केवल 53 गेंदों में 88 रनों की धमाकेदार पारी खेलकर बेंगलुरु ब्लास्टर्स को 189/7 के स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद शुभांग हेज (3/28) की अगुवाई में बेंगलुरु ने शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन किया। मैसूर वॉरियर्स को चौथी हार का सामना करना पड़ा।

इम्पैक्ट प्लेयर कार्तिक एसयू (26) ने मैसूर के रन चेज की शुरुआत कई बाउंड्री लगाकर की। कार्तिक ने पहले ओवर में संतोक सिंह को एक छक्का और एक चौका लगाया, इसके बाद तीसरे ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाया। लेकिन शुभांग हेगड़े के पहले ओवर में शिखर शेट्टी के शानदार कैच ने कार्तिक के आक्रामक खेल को पटरी से उतार दिया।बाएं हाथ के तेज गेंदबाज लविश कौशल ने छठे और आठवें ओवर में कार्तिक (17) और करुण नायर (13) के महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। इस बीच, समित द्रविड़ (5) को क्रांति कुमार ने आउट कर दिया, जिससे मैसूर वॉरियर्स का स्कोर 7.3 ओवर में 65/4 हो गया। हर्शिल धर्मानी (20) और जे सुचित (16) ने कुछ समय के लिए पारी को संभाला और 36 रनों की साझेदारी बनाई। हालांकि, अनिरुद्ध जोशी ने 12वें ओवर में धर्मानी और मनोज भांडगे (0) को आउट करके मैसूर की वापसी को रोक दिया।मैसूर की जीत की संभावनाएं तब और कम हो गईं जब जे सुचित भी चलते बने, जिससे मैसूर का स्कोर 12.4 ओवर में 104/7 हो गया।सुमित कुमार (18*) अंत तक नाबाद रहे, लेकिन पुछल्ले बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए। क्रांति कुमार ने गौतम सागर (7) और दीपक देवाडिगा (0) के विकेट लिए, जबकि शुभांग हेगड़े ने के. गौतम (3) को आउट किया। नतीजतन, मैसूर वॉरियर्स 17.5 ओवर में 133 रन पर आउट हो गए। वहीं मयंक अग्रवाल की अनुपस्थिति में, बेंगलुरु ब्लास्टर्स ने पहली पारी में अपने दो शुरुआती विकेट खो दिए थे। निश्चल देगा (0) को पहले ओवर में विद्याधर पाटिल ने गोल्डन डक पर आउट किया, जबकि निरंजन नाइक (3) के स्टंप भी चौथे ओवर में कार्तिक सीए ने उखाड़ फेंके।

# वीमेंस बिग बैश में भारतीय खिलाड़ियों का बोलबाला, इस बार ड्रॉफ्ट में होंगी रिकॉर्ड 19 इंडियन प्लेयर्स



नई दिल्ली। इस बार वीमेंस बिग बैश लीग में बड़े-बड़े भारतीय नामों का जलवा देखने को मिलेगा. दरअसल, वीमेंस बिग बैश लीग ड्रॉफ्ट में भारत के 19 महिला क्रिकेटर्स हैं. ऑस्ट्रेलिया की इस लीग में भारत के कुल 19 खिलाड़ियों को ड्राफ्ट में शामिल किया गया है. इनमें टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, श्रेयंका पाटिल, तितास साधु, आशा शोभना, राधा यादव, अमनजोत कौर, यास्तिका भाटिया, शिखा पांडे, स्नेह राणा, हेमलता दयालन, सजना सजीवन, मन्नत कश्यप, मेघना सब्बिनेनी, वेदा कृष्णमूर्ति, मोना मेश्राम और मेघना सिंह शामिल हैं.

इससे पहले कप्तान हरमनप्रीत कौर के अलावा जेमिमा रोड्रिग्स, स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा और राधा यादव जैसी खिलाड़ी वीमेंस बिग बैश लीग में खेल चुकी हैं, लेकिन इस बार लीग में भारतीय खिलाड़ियों की तादाद अधिक होने वाली है. वहीं, स्मृति मंधाना ब्रिस्बेन हीट वीमेंस, होबार्ट हैरिकेंस और सिडनी थंडर्स का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं. जबकि भारतीय स्पिनर राधा यादव वीमेंस बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स वीमेंस का हिस्सा रह चुकी हैं. भारतीय मिडिल ऑर्डर बैट्समैन जेमिमा रॉड्रिग्स मेलबर्न रेनेगेज्स वीमेंस और मेलबर्न स्टार्स वीमेंस का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं.

### ये 19 भारतीय खिलाड़ी होंगे ड्रॉफ्ट का हिस्सा

हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, श्रेयंका पाटिल, तितास साधु, आशा शोभना, राधा यादव, अमनजोत कौर, यास्तिका भाटिया, शिखा पांडे, स्नेह राणा, हेमलता दयालन, सजना सजीवन, मन्नत कश्यप, मेघना सब्बिनेनी, वेदा कृष्णमूर्ति, मोना मेश्राम और मेघना सिंह.

# दलीप ट्रॉफी से बाहर हुए मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक

नई दिल्ली। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक पांच सितंबर से शुरू हो रही दलीप ट्रॉफी के पहले राउंड से बाहर हो गए हैं। वहीं ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने नाम वापस ले लिया है। वह इंडिया-बी टीम में चुने गए थे। अब उन्हें रिलीज कर दिया गया है।



सिराज और उमरान बीमारी के कारण पहले राउंड से बाहर हो गए हैं। सिराज इंडिया-बी टीम का हिस्सा थे। उनके रिप्लेसमेंट का एलान कर दिया गया है। दिल्ली के नवदीप सैनी को सिराज की जगह टीम में जगह मिली है। वहीं इंडिया-सी में उमरान मलिक की जगह गौरव यादव को शामिल किया गया है। जडेजा के रिप्लेसमेंट का अभी एलान नहीं किया गया है।

32 साल के गौरव यूं तो मध्य प्रदेश के हैं, लेकिन पिछले सीजन वह पुडुचेरी चले गए थे। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने 41 विकेट लेकर तहलका मचा दिया था। सात मैचों में उन्होंने 14.58 की औसत से ये काम किया था। जिसमें पांच फाइव विकेट हॉल शामिल रहे थे। गौरव ने अभी तक कुल 37 फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं जिसमें 141 विकेट अपने नाम किए हैं। गौरव ने 2012 में अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था।

# सूडान में भीषण तबाही, 20 गांव नष्ट; अब तक 30 की मौत

अर्बाट (सूडान)। सूडान में बांध टूटने की वजह से भीषण तबाही आई है। मूसलाधार बारिश की वजह से टूटे बांध ने 20 गांवों को नष्ट कर दिया है। अभी तक 30 लोगों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है।



यह हादसा पूर्वी सूडान में हुआ है।मूसलाधार बारिश की वजह से पोर्ट सूडान से 40 किमी दूर स्थित अर्बाट बांध टूट गया। इस वजह से राजधानी पोर्ट सूडान में लोगों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।

रेड सी स्टेट के जल प्राधिकरण के प्रमुख उमर ईसा हारून ने कर्मचारियों को भेजे गए व्हाट्सएप संदेश में कहा कि बिजली और पानी की पाइपें नष्ट हो गई हैं। 150 से 200 लोग लापता हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ में नष्ट हुए सोने के खनिकों के शव और उनके उपकरणों के टुकड़े देखे हैं। उन्होंने इस आपदा की तुलना पिछले साल सितंबर में पूर्वी लीबिया के शहर डर्ना में हुई तबाही से की। संयुक्त राष्ट्र ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि बाढ़ से लगभग 50,000 लोगों के घर प्रभावित हुए हैं।

# यूएन ने प्रशांत महासागर में ग्लेशियर पिघलने से बढ़ने वाली समुद्र का जलस्तर पर जतायी चिंता

जिनेवा। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से धरती की सतह का तापमान लगातार बढ1 रहा है। इसकी वजह से पृथ्वी पर गर्मी बढ़ रही है, जिससे ग्लेशियर पिघल रहे हैं और महासागरों के जलस्तर में भारी बढोतरी हो रही है।

इस बीच संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रशांत महासागर का जलस्तर वैश्विक औसत से अधिक बढ़ रहा है। इससे निचले द्वीपीय देशों के बड़े भूभाग के डूबने का खतरा मंडरा रहा है।

वैश्विक स्तर पर, समुद्र के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। जीवाश्म ईंधनों के लगातार जलने से बढ़ते धरती के तापमान के कारण शक्तिशाली और मोटी बर्फ की चट्टानें पिघल रही हैं। गर्म होते महासागरों के कारण पानी के मॉलिक्यूल्स का विस्तार हो रहा है।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन की रिपोर्ट से पता चला है कि प्रशांत महसागर क्षेत्र के दो माप क्षेत्रों, ऑस्ट्रेलिया के उत्तर और पूर्व में औसत वार्षिक वृद्धि काफी अधिक है। पिछले तीन दशकों में यह वैश्विक वृद्धि प्रति वर्ष 3.4 मिलीमीटर की थी।

विश्व मौसम संगठन के महासचिव सेलेस्टे साउलो ने टोंगा में एक फोरम में क्षेत्रीय जलवायु रिपोर्ट 2023 के विमोचन के मौके पर जारी एक बयान में कहा, मानवीय गतिविधियों ने हमें जिंदा रखने और सुरक्षा देने की महासागरों की क्षमता को कमजोर कर दिया है और हम समुद्र के स्तर

# आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान



**नई दिल्ली। अक्टबूर में होने वाले आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप-2024 के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। बीसीसीआई की महिल चयन समिति ने मंगलवार को 15 खिलाड़ियों की टीम का एलान कर दिया है। हरमनप्रीत कौर को टीम की कमान सौंपी गई है, वहीं स्मृति मंधाना उप-कप्तान हैं। टीम में यास्तिका भाटिया और श्रेयांका पाटिल को चुना गया है,लेकिन इन दोनों के बारे में बीसीसीआई ने कहा है कि इनका चयन फिटनेस पर निर्भर है। तीन खिलाड़ियों को ट्रेविलंग रिजर्व में चुना गया है जबकि दो खिलाड़ियों को नॉन ट्रेवलिंग रिजर्व में चुना गया है।**

भारत का बैटिंग ऑर्डर इस टीम में काफी मजबूत नजर आ रहा है। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के रूप में भारत के पास दो बेहतरीन ओपनर हैं। बैकअप के तौर पर भारत के पास डायलान हेमलता हैं। वहीं मिडिल ऑर्डर को संभालने के लिए जेमिमा रोड्रिग्स, कप्तान हरमनप्रीत कौर, दीप्ति शर्मा हैं। फिनिशर के तौर पर भारत के पास विकेटकीपर ऋचा घोष हैं। यास्तिक भाटिया के रूप में भारत ने बैकअप कीपर को चुना है लेकिन उनका मामला फिटनेस के भरोसे हैं। इसी कारण ट्रेवलिंग रिजर्व में विकेटकीपर उमा छेत्री को भी जगह मिली है।भारत की तेज गेंदबाजी आक्रमण पूजा वस्त्राकर और रेणुका सिंह के ऊपर निर्भर है। इन दोनों के अलावा अरुणधति रेड्डी पर भी सभी की नजरें रहेंगी। स्पिन अटैक की जिम्मेदारी दीप्ति शर्मा पर होगी। राधा यादव, आशा शोभना उनका साथ देंगी। इस वर्ल्ड कप में भारत को ग्रुप-ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है। टीम इंडिया अपना पहला मैच चार अक्टूबर को दुबई में खेलेगी। इसके बाद छह अक्टूबर को भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। नौ तारीख को भारतीय टीम श्रीलंका से टकराएगी। आखिरी मैच में उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा।

# भारतीय डेट मार्केट में विदेशी निवेशकों ने किया 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश

मुंबई। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की ओर से भारतीय डेट मार्केट में अगस्त में अब तक 11,336 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इसके साथ ही 2024 साल की शुरुआत से अब तक डेट मार्केट में विदेशी निवेश बढ़कर एक लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर गया है।




नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़े के मुताबिक, एफपीआई द्वारा 2024 की शुरुआत से अब तक भारतीय डेट मार्केट में 1,02,354 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। डेट मार्केट में अगस्त में अब तक 11,366 करोड़ रुपये, जुलाई में 22,363 करोड़ रुपये, जून में 14,955 करोड़ रुपये और मई में 8,760 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश हुआ है।

विदेशी निवेशक डेट मार्केट में तो पैसे निवेश कर रहे हैं, लेकिन इक्विटी बाजारों से पैसा बाहर निकाल रहे हैं। एफपीआई अगस्त की शुरुआत से अब तक 16,305 करोड़ रुपये भारतीय इक्विटी बाजारों से निकाल चुके हैं। इसकी वजह येन कैरी ट्रेड, अमेरिकी में मंदी की आशंका और मध्य पूर्व में तनाव को माना जा रहा है। हालांकि, 2024 की शुरुआत से अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय इक्विटी बाजारों में कुल 19,261 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है।

विदेशी निवेशकों की ओर से डेट मार्केट में बड़ी खरीदारी होने की वजह इस साल जून में जेपी मॉर्गन इमर्जिंग मार्केट बॉन्ड इंडेक्स में भारतीय बॉन्ड को शामिल करना है। जेपी मॉर्गन इमर्जिंग मार्केट्स बॉन्ड इंडेक्स में भारतीय बॉन्ड का वेटेज 10 प्रतिशत होगा। भारत के सरकारी बॉन्ड के वेटेज को धीरे-धीरे चरणबद्ध तरीके से 28 जून, 2024 से लेकर 31 मार्च, 2025 तक यानी 10 महीने में एक-एक प्रतिशत कर इस इंडेक्स में बढ़ाया जाएगा। इस वजह से भारतीय डेट मार्केट में बड़ा निवेश देखने को मिल रहा है।

# प्रथम पेज का शेष

***नबन्ना प्रोटेस्ट: बंगाल में बवाल...***

दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस सांसद सायनी घोष ने छात्रों के विरोध को गुंडागर्दी करार दिया। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन हिंसा भड़काने की कोशिश है। 0 100 कलाकारों ने लिखा सरकार को खत- पश्चिम बंगाल के 100 से अधिक कलाकारों ने ममता सरकार से सुरक्षा देने की मांग की है। इन कलाकारों ने अपने कार्यस्थल पर सुरक्षा की गारंटी की मांग की है। उन्होंने यह चिट्ठी टेली अकादमी और पूर्वी भारत मोशन पिक्चर एसोसिएशन को भी भेजा है। पत्र में कलाकारों ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले पर चिंता जाहिर की है। कालाकारों ने सरकार से और सरकार से कार्रवाई की मांग की है।

0 बंगाल के राज्यपाल ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल- राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने नबन्ना अभियान के दौरान हुए विरोध प्रदर्शनों और पुलिस की प्रतिक्रिया पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार हर नागरिक को है। पुलिस की कार्रवाई और लाठीचार्ज के मामले की जांच होनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि वह इस मुद्दे को राज्य सरकार के सामने उठाएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में ऐसे मामलों से उचित ढंग से निपटा जाए।

0 लोकतंत्र की हत्या कर रही ममता सरकार- नड्डा- बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी इस मुद्दे पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया। नड्डा ने कहा कि ममता बनर्जी की सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। जो भी सरकार के खिलाफ बोलता है, उसे पुलिस की बर्बरता का सामना करना पड़ता है। नबन्ना अभियान के दौरान पुलिस की हिंसा ने यह साबित कर दिया है कि बंगाल में लोकतंत्र सुरक्षित नहीं है। नड्डा ने कहा कि बीजेपी इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाएगी और ममता सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी रखेगी।

***राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध कब्जों पर...***

के संबंध में मंत्रालय की ओर से पेश किए आंकड़ों पर असंतुष्टि जताई थी। कोर्ट ने मंत्रालय को निर्देश दिया था कि वह हलफनामा दाखिल कर राजमार्गों की निगरानी व अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का ब्योरा पेश करे। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश, गुजरात, असम, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु व बंगाल के राष्ट्रीय राजमार्गों के बारे में ब्योरा देने को कहा था। तब कोर्ट ने नोट किया था कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर अतिक्रमण के बारे में अप्रैल 2023 से कई नोटिस जारी हुए पर कुछ राजमार्गों से ही अतिक्रमण हटाया गया।

***अरविंद केजरीवाल को लगा बड़ा झटका...***

चार्जशीट भी दाखिल की थी। के. कविता को मिली जमानत- बता दें कि इससे पहले मंगलवार को कथित दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन मामलों में बीआरएस की नेता के. कविता को सुप्रीम कोर्ट ने राहत देते हुए उन्हें जमानत दे दी थी।

***पीएम मोदी से फोन पर बात के....***

अक्टूबर 2024 में कजान में रूस की अध्यक्षता में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2024 में शामिल होने की बात कही। साथ ही पीएम मोदी और पुतिन ने अलग-अलग क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को और म?बूत करने के लिए परस्पार सहयोग और बातचीत जारी रखने का भी आश्वासन एक-दूसरे को दिया।

***जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव: प्रथम चरण ...***

इसके बाद पुलवामा जिले में 55, डोडा जिले में 41, किश्तवाड़ जिले में 32, शोपियां जिले में 28, कुलगाम जिले में 28, जबकि रामबन जिले में 23 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं, जम्मू संभाग के किश्तवाड़ जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में कुल 13 उम्मीदवारों ने 48-इंदरवाल से नामांकन दाखिल किया है। वहीं 11 उम्मीदवारों ने 49-किश्तवाड़ से नामांकन दाखिल किया है, जबकि 08 उम्मीदवारों ने 50-पद्दर-नागसेनी से नामांकन दाखिल किया है।

***देवेंद्र यादव की रिमांड बढ़ी...***

वकील ने कहा की आज भी पुलिस के द्वारा कोई भी आरोप पत्र उनके विरुद्ध पेश नहीं किया गया है। हमारे द्वारा देवेंद्र यादव को पुलिस रिमांड दिए जाने पर आपत्ति दर्ज की गई है। पुलिस के पास कोई साक्ष्य नहीं है। इसलिए समय मांगकर उनके विरुद्ध साक्ष्य गढ़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए हमने न्यायालय से उन्हें डिस्चार्ज करने की मांग की।

***राज्यसभा में एनडीए को बहुमत:...***

अब, एनडीए के बढ़ते बहुमत के कारण, इस समर्थन की जरूरत कम हो सकती है।

0 बिहार से दो बीजेपी सदस्य राज्यसभा में- बता दें कि चुनाव आयोग ने इस महीने की शुरुआत में राज्यसभा उपचुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। नामांकन की अंतिम तारीख 21 अगस्त थी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तारीख 27 अगस्त थी। मतदान 3 सितंबर को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा।

0 12 सीटों के लिए 9 राज्यों में होगा उपचुनाव- इस बार के उपचुनावों में असम, बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्यप्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना और ओडिशा की 12 सीटें शामिल हैं। उपचुनाव के बाद चुने गए सदस्य अगले साल यानी 2025 से 2028 तक की शेष अवधि के लिए कार्य करेंगे। राज्यसभा की यह सीटें कई राज्यसभा सांसदों के लोकसभा में चुने जाने और इस्तीफे के कारण खाली हुई हैं। असम से कमख्या प्रसाद तासा और सर्बानंद सोनोवाल, बिहार से मीसा भारती और विवेक ठाकुर जैसी हस्तियों के चुनाव के बाद यह सीटें खाली हुई थीं।

# पेरिस ओलंपिक की आज से होगी शुरुआत, भारतीय दल से रिकॉर्ड पदक लाने की रहेगी उम्मीद

पेरिस। पेरिस ओलंपिक की शुरुआत से बुधवार से हो रही है। हाल ही में संपन्न हुए ओलंपिक में भारत अपने पिछले प्रदर्शन को नहीं दोहरा सका था, लेकिन देश को पैरा एथलीटों से इस बार रिकॉर्ड पदक जीतने की उम्मीद रहेगी। भारत ने इस बार इन खेलों के लिए अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा गै। भारत के 84 खिलाड़ी पदक के लिए जोर लगाएंगे। भारत ने 2021 में टोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 19 पदक जीते थे और वह समग्र रैंकिंग में 24वें स्थान पर रहा था। इसके तीन साल बाद भारत का लक्ष्य स्वर्ण पदकों की संख्या दोहरे अंक में पहुंचाने और कुल 25 से अधिक पदक जीतना है। भारत इस बार 12 खेलों में भाग ले रहा है, जबकि टोक्यो में 54 सदस्यीय टीम ने नौ खेलों में भाग लिया था।

### भारत ने एशियाई पैरा खेलों में लहराया था परचम

भारतीय खिलाड़ियों ने हाल में अच्छा प्रदर्शन करके उम्मीद बढ़ा दी है। भारत ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में 29 स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 111 पदक जीते थे। इसके बाद मई में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने आधा दर्जन स्वर्ण सहित 17 पदक जीते। एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले कई खिलाड़ी पैरालंपिक टीम में शामिल हैं। इनमें विश्व रिकॉर्डधारी भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल (एफ64) और राइफल निशानेबाज अवनि लेखरा (10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1) जैसे शीर्ष सितारे शामिल हैं। ये दोनों टोक्यो में जीते गए अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने के लिए उतरेंगे।

### एथलेटिक्स टीम से काफी उम्मीदें

भारत के लिए पैरा एथलेटिक्स टीम ने अतीत में अच्छा प्रदर्शन किया है और इस बार भी एथलेटिक्स में भाग ले रहे 38 खिलाड़ियों से देश को काफी उम्मीद है। पदक के अन्य प्रमुख दावेदारों में पैरा तीरंदाज शीतल देवी शामिल हैं, जो अपने पैरों से निशाना लगाती हैं। उनके अलावा होकाटो सेमा (शॉट पुट) और नारायण कोंगनापल्ले (रोवर) और कई अन्य खिलाड़ी पदक के दावेदार हैं।

### सुमित-लेखरा टोक्यो के प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे

सुमित ने मई में पैरा विश्व चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था और वह पेरिस में उसी स्थान पर 75 मीटर का आंकड़ा पार करने की उम्मीद कर रहे हैं जहां नीरज चोपड़ा ने इस महीने के शुरू में ओलंपिक रजत पदक जीता था। लेखरा ने एक स्वर्ण और एक कांस्य के साथ टोक्यो में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और दो पदक जीते थे। उनके अलावा सिंहराज अधाना (रजत और कांस्य) ने भी दो पदक हासिल किए थे लेकिन वह मौजूदा टीम में जगह नहीं बना सके। लेखरा पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला थीं। वह अब पैरालंपिक में तीन पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होना चाहेंगी।

# शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में 17 वर्ष बालिका व 15 वर्ष बालक बना विजेता

## मेजबान दुर्ग ने 17 वर्ष बालक वर्ग में खिताब अपने नाम किया




24वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का हुआ समापन

राजनांदगांव (दावा)।24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता नेहरू हॉकी में वनांचल क्षेत्र बस्तर के बालक बालिकाओं ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 17 वर्ष बालिका व 15 वर्ष बालक में विजेता बनी मेजबान दुर्ग संभाग की टीम केवल 17 वर्ष बालक में खिताब जीत पाई। प्रतियोगिता का पुरूस्कार वितरण श्रीमती गीता घासी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव के मुख्यआतिथ्य सचिन बघेल अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित की अध्यक्षता, किशुन यदु नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका निगम, अतुल रायजादा समाज सेवी, तरूण लहरवानी समाज सेवी,के विशिष्ठ आतिथ्य व आयोजन समिति के सचिव व जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल, फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, सतीश ब्यौहारे डी.एम.सी राजनांदगांव, आदित्य खरे सहायक संचालक, राजेन्द्र यादव, वरिष्ठ शिक्षक श्री गणेश प्रसाद शर्मा, प्रिंस भाटिया, देवेन्द सिंह ठाकुर,सहायक जिला क्रीडा अधिकारी, पीयूष कुमार की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेली गई 24वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के तहत नेहरू हॉकी बालक 15 व 17 वर्ष व बालिका 17 वर्ष की स्पर्धा के समापन समारोह की मुख्यअतिथि श्रीमती गीता घासी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव ने कहा कि मै भी पहले हॉकी खिलाडी थी और आज खिलाडियों के बीच आ कर मुझे प्रसन्नता हो रही है खिलाडी होना ही अपने आप में गर्व की बात है खिलाड़ियों को अच्छा खेलना चाहिए मैच के अंतिम क्षणो तक कड़ी मेहनत करना चाहिए इस प्रतियोगिता से प्रतिभागियों के खेलो में निखार अवश्य आयेगा और आगे भी अच्छे खेल का प्रदर्शन करेगें सभी प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनांए दी, समारोह के अध्यक्ष सचिन बघेल ने अपने सबोद्धन में कहा की खिलाडी होना भी बच्चो के लिए भी कठिन परीक्षा होती है जब वह चयनित हो कर अपने संभाग से राज्य में हिस्सा लेते है खिलाड़ियों को खेल के साथ पढ़ाई में भी ध्यान देना चाहिए मेहनत लगन में कोई कमी नही रखना चाहिए ताकि उन्हे सफलता अवश्य मिले स्पर्धा का स्वागत भाषाण आयोजन समिति के सचिव व जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने दिया। इस अवसर पर प्रतिभागी खिलाड़ियों द्वारा वाइडनयर स्कूल के छात्राओ के द्वारा बैण्ड की मधुर ध्वनि के मध्य फील्ड मार्शल शैलेन्द्र तिवारी की कंमाण्ड पर आकर्षक मार्चपास्ट किया व गायत्री स्कूल के बालिकओं ने संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

आयोजन का पुरूस्कार वितरण अतिथियों के द्वारा प्रतिभागियों को वितरीत किया गया जिसमे नेहरू हॉकी 17 वर्ष बालक में प्रथम दुर्ग संभाग द्वितीय बिलासपुर संभाग तृतीय सरगुजा संभाग, 17 वर्ष बालिका में प्रथम बस्तर संभाग द्वितीय सरगुजा संभाग तृतीय दुर्ग संभाग 15 वर्ष बालक में प्रथम बस्तर संभाग द्वितीय दुर्ग संभाग तृतीय सरगुंजा संभाग रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सतीश ब्यौहारे एवं संचालन रणविजय प्रताप सिंह ने किया।

# नीरज विद्या मंदिर बना गोकुलधाम, बच्चे बने श्रीराधाकृष्ण



डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (मोहड़) में योगेश्वर श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटडिया, समीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी , प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान, प्रशासक राम सिन्हा उपस्थित थे। प्राचार्या सुश्री जहान ने अपने स्वागत भाषण में श्री कृष्ण को युगशिल्पी बताते हुए धर्म का रक्षक कहा। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीकृष्ण आज भी हमारे बीच उपस्थित हैं और उनका संदेश गीता के रूप में घर-घर मौजूद भी है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सुमधुर सरस्वती वंदना एवं श्रीकृष्ण पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद प्री-प्रायमरी के बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

# आज छ.ग. दिव्यांग सेवा संघ की दिव्यांगजन स्वभिमान पैदल मार्च रैली

राजनांदगांव(दावा)। जिला दिव्यांग संघ राजनांदगांव अध्यक्ष हेमन दास साहू के अनुसार छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ के द्वारा विभिन्न शिकायत एवं मांग पत्रों के माध्यम से शासन प्रशासन व उनके संबंधित विभागों के अधिकारियों को बार -बार अनुरोध कर मांग किया जा चुका है, जिस पर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की ठोस कार्यवाही नहीं करने की वजह से 8 अगस्त को संगठन के द्वारा मुख्यमंत्री को 27 अगस्त तक कार्यवाही करने की बात कही गई है।

उक्त अवधि में 6 सूत्रीय मांग पूरा नहीं किये जाने पर छत्तीसगढ़ के समस्त दिव्यांग 28 अगस्त को सुबह 10 बजे से काली पट्टी लगाकर शासन के खिलाफ दिव्यांगजन स्वाभिमान पैदल मार्च निकाल कर शासन प्रशासन की नाकामियों व दिव्यांग जनों के साथ हो रहे अत्याचार व दिव्यांग कोटे मे फर्जीवाड़ा करने वाले फर्जी करने वाले फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने वाले डॉक्टर के नामो को बताते हुए मरीन डाइव रायपुर से मुख्यमंत्री निवास तक चलेंगे जिसमे रास्ते में किसी भी दिव्यांग जनों के साथ कोई भी अप्रिय घटना के लिए छत्तीसगढ़ शासन एवं प्रशासन जिम्मेदार होगा। साथ ही संघ की मांगों को बताते हुए कहा कि हमारी प्रमुख मांगों में हमारे संघ के शिकायती पत्रों में उल्लेखित समस्त फर्जी दिव्यांग जनो का राज्य मेडिकल बोर्ड से दिव्यांगता का भौतिक परीक्षण कराकर फर्जी दिव्यांग शासकीया कर्मियों को बर्खास्त किया जावे। शासकीय दिव्यांग कर्मियों को पदन्नति मे 4प्रतिशत आरक्षण दिया जावे। बेरोजगार दिव्यांगों को बिना गांरटर लोन दिलाया जाए एवं कोरेना पूर्व दिए गए समस्त बकाया ऋण राशि माफ किया जावे ।

उपरोक्त मांगो को लेकर प्रशासन को जगाने हेतु पैदल मार्च को आहवान किया गया है। यह जानकारी अध्यक्ष हेमन दास साहू द्वारा दी गई है।

# आंगनवाड़ी केंद्रों में विश्व स्तनपान सप्ताह मना



बांधाबाजार (दावा)। विकासखंड अंबागढ़ चौकी के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में महिला एवं बाल विकास विभाग व मोबाइल क्रैचेस संस्था के द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया।

ग्राम हालमकोड़ो स्थित कार्यक्रम में आंचल चंद्राकर समुदाय स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि स्तनपान सप्ताह मां के दूध के महत्व को समझने और स्तनपान को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। मां का दूध बच्चों के लिए प्रकृति का सबसे अच्छा भोजन हैं और यह बच्चों के लिए सम्पूर्ण विकास के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने उपस्थित गर्भवती, शिशुवती माताओं को स्तनपान के महत्व को विस्तारपूर्वक बताया। साथ में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती मंदा अम्बादे ने स्वच्छता पोषण खानपान एवम् हरी सब्जियों के महत्व पर चर्चा की। तत्पचात मोबाईल क्रेचेस से भुपेंद्र मलगामे ने स्तनपान के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही श्रम विभाग के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रसिका भैसारे, श्रीमती बुधियारीन, आं बा. सहायिका प्रतीक्षा अम्बादे सहित गर्भवती, शिशुवती माता उपस्थित थीं। इसी प्रकार ग्राम तेलीटोला,जोरातराई, हांडीटोला, झिटिया, जादूटोला, सेम्हरबांधा व खुर्सीपार स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में विश्व स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम आयोजित कर स्तनपान व उससे जुड़े विषयों पर प्रकाश डाला गया।

# ऑल इंडिया नेशनल कराते चैम्पियनशिप में जिले के कामिल खान और आस्था टाण्डेकर को पदक




राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव के रॉयल कराते एके डमी के प्लेयर का चयन काई ऑल इंडिया नेशनल कराते चैम्पियनशिप जो की 16 से 18 अगस्त पंचकुला चंढीगढ़ के लिये हुआ था जिसमें भारत के सभी राज्यों से 1700 खिलाड़ियों ने बढ-चढकर प्रदर्शन किया जिसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया।

छत्तीसगढ़ को मिले पदकों में राजनांदगांव जिले से सीनियर वर्ग में अंडर 21 में -60 कैटेगिरी में कामिल खान ने सभी राज्यों को पराजित करते हुए स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमाया व आस्था ताण्डेकर 16-17 उम्र में वेट कैटेगिरी -59 में ब्राउंस मेडल पर कब्जा जमाया और शाबित किया कि नेशनल लेवल छत्तीसगढ़ राजनांदगांव का प्लेयर नेशनल लेवल पे अपने कु मिते (फाईट) का लोहा मनवाया और सही प्रैक्टिस और लगातार अभ्यास से रॉयल कराते अकादमी के बच्चें कोच शिहान आदिल खान से फाईट की नई-नई टैकनिक सिखकर उसे नेशनल लेवल पर अपने आप को शाबित कर अपने कोच का नाम व अपने रॉयल अकादमी व शहर का नाम व छत्तीसगढ़ का नाम नेशनल स्तर भी शाबित किया व कोच के एग्ज़ाम में कामिल खान व मिहिर मौर्य ने कराते के कोच का एग्ज़ाम अच्छे नम्बरों से पास किया।

इस उपलब्धि के लिये छत्तीसगढ़ कराते काई के अध्यक्ष शिहान सुशील चंद्रा, छत्तीसगढ़ महासचिव शिहान अविनाश सेट्ठी व शिहान तॉपस बोस व शिहान आदिल खान छत्तीसगढ़ उपाध्यक्ष/छत्तीसगढ़ रैफरी चेयरमैन व राजनांदगांव कराते सचिव ने बच्चों की इस उपलब्धि के लिये बधाई दी है व लगातार इस तरीके से मेडल हासिल करने पे ये आश्वासन दिया है कि ये बच्चे आने वाले समय में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ से भारत का नाम रौशन करेंगे। इस उपलब्धि के लिये कराते परिवार के सभी पदाधिकारिगण ने बच्चों को आशीर्वाद एवं बधाई दी है इस नेशनल चैम्पियनशिप में सभी नियमों का पालन किया गया व सरकार के तरफ से जितने भी मेडल पायें हुए चयनित खिलाड़ी थे उन सभी खिलाड़ियों का राष्टीय गोप रोधी एजेंसी के द्वारा मेडिकल टेस्ट करवाया गया और उन्हे प्रमाणित किया गया कि वो फिट है या नही ताकि वो खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चयन होकर खेलने जा पायें। इस उपलब्धि के लिये सभी खेल के गुरूजनों ने कराते के इन खिलाड़ियों को बधाई व आशीर्वाद दिया है।

# नई पेंशन योजना से सरकारी कर्मचारियों की बल्ले बल्ले - हैरी जोसेफ



भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ने शासकीय कर्मचारियों को दी बधाई

**राजनांदगांव (दावा)। देश की समझदार जनता द्वारा तीसरी बार केंद्र में स्थापित की गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने एक दशक में कई हम बड़े फैसले किए हैं। उससे देश विश्व भर में सिरमौर बना हुआ है। जिससे भारत की साख बढ़ी है। यह कहते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ ने केंद्र सरकार के नए फैसले की ओर सबका ध्यान आकर्षित किया है। जिसमें देश भर के शासकीय कर्मचारियों को बड़ा फायदा मिलने वाला है। इस निर्णय के तहत न सिर्फ केंद्र सरकार के कर्मचारी लाभान्वित होंगे**

अपितु राज्य सरकार के भी कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। यह योजना एकीकृत पेंशन योजना के नाम से शासकीय कर्मचारियों को गदगद कर रही है। श्री जोसेफ ने सभी गवर्नमेंट अप्लाइज को बधाई देते हुए योजना के बारे में सब विस्तार बताया है। कि केंद्र सरकार ने पेंशन योजना को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इसमें नई पेंशन स्कीम की जगह सरकारी कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम का ऐलान किया गया है। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इस योजना को लेकर सहमति बनी है। इस योजना के लागू होने से देश के लाखों सरकारी कर्मचारियों को लाभ होगा। 01 अप्रैल 2025 से लागू होगी। इसका फायदा 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को होगा।

सरकार कर्मचारी के बेसिक सैलरी का 18 प्रतिशत कॉन्ट्रिब्यूट करेगी। न्यू पेंशन स्कीम में कर्मचारी को 10 प्रतिशत अपने मूल वेतन का जमा करना होता है। सरकार 14 प्रतिशत योगदान देती है। दस हजार रुपये न्यूनतम पेंशन मिलेगी यूनिफाइड पेंशन स्कीम के तहत अगर किसी कर्मचारी ने 25 साल तक काम किया है तो रिटायरमेंट के पहले जॉब के आखिरी 12 महीने के बेसिक का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलेगा। यदि किसी पेंशनभोगी की मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिवार को पेंशन का 60 प्रतिशत मिलेगा। वहीं, अगर कोई दस साल बाद जॉब छोड़ देता है तो उसे दस हजार रुपये पेंशन मिलेगी।कर्मचारियों के पास न्यू पेंशन स्कीम और यूनिफाइड पेंशन स्कीम में से किसी एक को चुनने का विकल्प होगा। यूपीएस के पांच स्तंभ है। 50 प्रतिशत पेंशन इस स्कीम का पहला पिलर है। दूसरा सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन है। भारत की इकोनॉमी और केंद्र सरकार के बजट को समझने के लिए रिजर्व बैंक के साथ भी मीटिंग की गई। इसके बाद यूपीएस को लागू किया गया। इससे केंद्र पर वर्ष 2025- 26 के दौरान ही 6250 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। चुनावी माहौल में इसे सरकार की ओर से बड़ा राजनीतिक मोहरा भी माना जा रहा है। यूक्रेन से यात्रा के बाद शनिवार दोपहर नई दिल्ली पहुंचे पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक देर शाम को हुई जिसमें यूनीफाइड पेंशन स्कीम के बारे में फैसला किया गया।

# जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**गंडई पंडरिया(दावा)। केसीजी जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति के तत्वाधान में 25 अगस्त दिन रविवार को समिति के अध्यक्ष पन्नालाल जंघेल व तकनीकी प्रभारी चैतराम वर्मा के मार्गदर्शन में पूरे जिले के 10 केन्द्रों में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें परीक्षा केंद्र साल्हेवारा, ठाकुरटोला,गंडई, बुंदेली, छुईखदान, पांडादाह, खैरागढ़, बाजार अतरिया, जालबांधा व ठेलकाडीह में बनाया गया था। जिले से कुल 2030 बच्चें पंजीयन किये थे।**

गंडई परीक्षा केंद्र का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर गंडई में किया गया जिसमें कुल पंजीकृत 442 बच्चों में से 389 बच्चें उपस्थित रहे। जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा पालकों में भी काफी उत्साह देखा गया ।पालक इस तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर काफी उत्साहित नजर आये तथा उनके द्वारा सुझाव दिया गया कि इस तरह का परीक्षा का आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए जिससे बच्चे अपने आसपास के जानकारी को और अच्छी तरह से समझ सके। बच्चें जिले के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक व भौगोलिक प्रश्नों को हल कर उनके बारे में जान सके। इस परीक्षा में पंजीयन नि: शुल्क था तथा जिले में प्रथम आने वाले प्राथमिक विभाग के प्रतिभागी को 3000 रु. पूर्व माध्यमिक में 4000 रु. व उच्च माध्यमिक में 5000 रु. पुरुस्कार रखा गया है।

गंडई परीक्षा केंद्र के सफल आयोजन में केन्द्राध्यक्ष कौशल राजपूत के साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर गंडई के प्राचार्य बलराम सिंह ठाकुर व पर्यवेक्षक के रूप में महेश वर्मा, भागचंद साहू, निलम चतुर्वेदी, सीता साहू, दीपक मिश्रा, गांधीराम साहू, लोमश पटेल, उज्ज्वल नामदेव, राजेश बारले, हेमराय भारती, नंदकुमार जंघेल, लालाराम मेरावी, टोपकुमार जंघेल, देवेन्द्र साहू, टागेश्वर साहू, रमेश वर्मा, संतोष साहू,शिव श्रीवास्तव, धनऊराम पटेल, ओमप्रकाश ठाकुर सहित सरस्वती शिशु मंदिर गंडई के स्टाफ का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण को लेकर सीएम के नाम विधायक भोलाराम साहू को सौंपा ज्ञापन



बांधाबाजार (दावा)। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले खुज्जी विधायक भोलाराम साहू को निवास स्थान खुज्जी में शिक्षक संघर्ष मोर्चा के शिक्षक ब्लाक संयोजक कीरत कुमार गणवीर, दिनेश कुमार कुरेटी, जिला सदस्य नरेंद्र कुमार साहू, भगवानी राम कन्नौजे, राजिव कुमार टेमरे, ब्लाक सचिव सतीश कुमार लहरें, ब्लाक कोषाध्यक्ष राकेश कुमार खोबरागढ़े, ब्लाक सदस्य अमित कुमार गोसाई, विनोद कुमार सिन्हा, अश्वनी कुमार साहू, प्रेम कुमार भूआर्य, एकलव्य साहू, जागेश्वर देशमुख, डोमेन्द्र पिस्दा, वेदप्रकाश साहू, और दिलीप साहू, ईश्वर दास मंडावी शोभराय कार्ते, प्रेम भुआर्य, महेश देहधारी, यशवंत नेताम, जितेन्द्र मोटघरे, ललित देवांगन, छबिलाल नेताम, शिक्षक ने विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण नियम व आनलाइन अवकाश आवेदन में संशोधन तथा समस्त एलबी संवर्ग के शिक्षकों के विभिन्न लंबित मांगो के संबंध मे क्षेत्रीय विधायक खुज्जी भोला राम साहू जी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर छुरिया ब्लाक के शिक्षक बड़ी संख्या में शिक्षक गण मौजूद रहे। मोर्चे में सम्मलित चारों संगठन के पदाधिकारी भी सम्मिलित रहे।

चरणबद्ध आंदोलन का पहला दिन है। मांग पूरी न होने की दशा में आगे सड़क की लड़ाई भी लड़ी जाएगी। शासकीय विद्यालयों में लागू 2008 के सेटअप से छेड़छाड़ कर जबरदस्ती अतिशेष का निर्माण करना शासकीय स्कूलों की पढ़ाई को बर्बाद कर निजी स्कूलों को बढ़ावा देने वाला होगा। एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों के पढाई की इस होने वाली दुर्दशा को देखकर व्यथित है। उपरोक्त जानकारी छुरिया ब्लाक संयोजक कीरत कुमार गणवीर ने दी।

# सेवानिवृत्ति पर पंचम साहू को दी भावभीनी विदाई



राजनांदगांव (दावा)। विद्युत यांत्रिकीय लाइट मशीनरी नलकूप एवं गेट जल संसाधन उपसंभाग राजनांदगांव के अंतर्गत खातूटोला बैराज में कार्यरत पंचमराम साहू के 62 वर्ष शासकीय सेवा की अवधि पूर्ण करने पश्चात विदाई समारोह का आयोजन खातूटोला बैराज में आयोजित की गई। जिसमें विभाग के अनुभागीय अधिकारी श्री खोबरागढ़े व श्री मंसूरी तथा उपयंत्री श्री वर्मा सम्मिलित हुए।

पंचमराम साहू के विभाग में सेवाकाल के दौरान उनके कर्तव्य निष्ठा के साथ किए गए कार्यों के अनुभव को याद किया गया। विभागीय अधिकारी कर्मचारियों ने सेवानिवृत होने वाले पंचमराम साहू का शाल श्रीफल वह प्रतीक चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुभाग्य अधिकारी श्री खोबरागढ़े व श्री मंसूरी ने सेवानिवृत होने वाले पंचम साहू के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की तथा शेष जीवन को परिवार, समाज व देशहित में लगाने की अपील की। कार्यक्रम में राजेंद्र तिवारी, भारत धनकडर, अमरनाथ साहू, बिजेलाल लाल साहू, मन्नालाल वर्मा, अशोक तिवारी, हीरादास साहू, सेवक यादव, उदयराम साहू, मोहन चंद्रवंशी, प्रीत निषाद, देवदास जोशी, लल्लूराम महानंद आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन अमरनाथ साहू ने तथा आभार प्रदर्शन बिजेलाल साहू ने किया।

# पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस का बैठक दौर शुरु



साल्हेवारा से हुआ कांग्रेस की जोन स्तरीय बैठक की शुरुआत

खैरागढ़ (दावा)। छुईखदान विकासखंड के वनांचल मुख्यालय साल्हेवारा में जोन स्तरीय कांग्रेस कमेटी का बैठक हुआ। जिसमें साल्हेवारा क्षेत्र के 34 बूथ के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं दिनेश साहू बने कार्यकारी अध्यक्ष, कोसमर्रा पंचायत के सरपंच कांग्रेस कार्यकर्ता दिनेश साहू को छुईखदान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। दिनेश साहू वनांचल के सभी 34 बूथों का संचालन करेंगे। दिनेश साहू के अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। कांग्रेस के गढ़ को बनाए रखना हम सबकी ज़िम्मेदारी है, जिला कांग्रेस कमेटी केसीजी के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने कहा कि यह क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ है इसे हमें बचाये रखना है, आने वाले महीने से त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव होना है, जिसे लेकर हमें बुथ स्तर पर तैयार होना पड़ेगा जिसके लिये हमें कमर कसना होगा।

**कार्यकर्ताओं की पूछ परख जरूरी : उत्तम सिंह ठाकुर**

जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष उत्तम सिंह ने बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि यह चुनाव कार्यकर्ताओं का चुनाव है हम सबको एक होकर चुनाव लड़ना होगा तभी जाकर हमारी पार्टी ग्रामीण क्षेत्र में कांग्रेस का परचम लहरायेगी और कार्यकर्ता की पूछ परख करना जरूरी है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री मिहिर झा और सज्जाक खान ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, उपाध्यक्ष उत्तम सिंह ठाकुर, मिहीर झा, रामकुमार पटेल, सज्जाक खान, दिनेश साहू, कमल अग्रवाल, लक्ष्मण विश्वकर्मा, दीपक अग्रवाल, शेरसिंह, दिनेश बोरकर, गंगू मंडावी, सुखी पटेल, तौहीद खान, हीरा सिंह, राम किशन पटेल, खेम वर्मा, रामजी ठाकरे, अश्वंत ध्रुवे, आतम दास, गुलाब चंद ठाकरे, प्रीत ठाकरे कृष्ण यदु व हेमचंद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# भगवान श्री कृष्ण की पालकी यात्रा में झूमे श्रद्धालु, श्री कृष्ण जन्माष्टमी की रही धूम

## सर्व यादव समाज ने भव्य शोभायात्रा निकाल कर दिखाई ताकत, कोसरिया यादव समाज का भी निकला जुलूस

राजनांदगांव (दावा)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी अवसर पर शहर में बाबा महाकाल पालकी यात्रा की तर्ज पर सर्व यादव समाज द्वारा भगवान श्री कृष्ण की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। यादवों के आराध्य भगवान श्री कृष्ण की पालकी यात्रा सहित समाज द्वारा निकाली गई भव्य जन्माष्टमी शोभायात्रा यात्रा में सर्व यादव समाज की ताकत देखने को मिली। हजारों की संख्या में रही भीड़ में एक से बढ़कर एक भगवान श्री कृष्ण की झांकियां व राउत नाचा के दृश्य सहित डीजे की धुन में थिरकते महिलाएं और पुरुष लोगों का मन मोह ले रहे थे।

बता दें कि शहर के विभिन्न वार्डो से चलित झांकी लेकर स्टेट स्कूल मैदान पहुंचे यादव समाज के लोगों ने अपने आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना की और भगवान श्री कृष्ण की पालकी यात्रा सहित भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा यात्रा का नेतृत्व सर्व यादव समाज के संरक्षक पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अध्यक्ष-दुर्गेश यादव, शहर अध्यक्ष- महेश यादव, गरीबा यादव, महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला यादव, राधेलाल यादव, रितेश, सुदेश यादव आदि कर रहे थे। इस दौरान शोभायात्रा में राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण किए बच्चे लोगों का मनमोह रहे थे वहीं 50 संखाओं के साथ पालकी में सवार होकर निकले भगवान श्री कृष्ण के दर्शन के लिए श्रृद्धालुओं का तांता रहा। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन पालकी में शहर भ्रमण के लिए निकले भगवान श्री कृष्ण का दर्शन कर लोग कृत्य-कृत्य हुए। इस दौरान हाथी घोड़ा पालकी, जै कन्हैया लाल की व जय यादव, जय माधव की गूंज शहर में गुंजायमान रहा।



### कोसरिया समाज की शोभायात्रा

बता दें कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर नगर में सर्व यादव समाज की निकली भव्य शोभायात्रा के बावजूद कोसरिया यादव समाज के अध्यक्ष मन्ना यादव के नेतृत्व में भोला यादव, हरिश यादव, विजय यादव, नगर अध्यक्ष सूरज यादव, मधु यादव, मंजू यादव आदि के साथ अलग से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला के समीप सांहड़ा देव का पूजन कर निकाली गई भव्य शोभायात्रा में भगवान श्री कृष्ण का डोला, मंडई का दृश्य, राउत नाचा, फुग्गा बैंड पंडाल आकर्षक का केन्द्र रहा। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण जन्म की आकर्षक झांकी व नंदई की अखाड़ा पार्टी तथा बैंड बाजा के धुन में नाचते-झूमते चल रहे सैकड़ों नर-नारियां श्री कृष्ण भक्ति का परिचय दे रहे थे।

### सर्व यादव समाज की भव्य शोभायात्रा

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के एक दिन पहले सर्व यादव समाज द्वारा शहर में नगर के युवक-युवतियों द्वारा भव्य बाईक रैली निकाली गई जिसमें सिर पर पगड़ी लगाए और बाईक का हैंडिल थामे यादव समाज की युवतियां मरदानियां लग रही थी। बाईक रैली का जय यादव-जय माधव की गूंज के साथ नगर भ्रमण हुआ। वहीं श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर सर्व यादव समाज की निकली भव्य पालकी यात्रा व विशाल शोभायात्रा देखते ही बन रही थी। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में हज़ारों लोगों के साथ निकली इस शोभायात्रा के माध्यम से शहर वासियों को सर्व यादव समाज की ताकत देखने को मिला।

### शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत

स्टेट स्कूल मैदान से सोमवार को दोपहर 3 बजे निकली सर्व यादव समाज की भव्य पालकी यात्रा व शोभायात्रा में राउत नाचा, रामधुनि दल, बाली अखाड़ा के करतब, जहां आकर्षण के केंद्र बने रहे, वहीं 50 सखाओं के साथ शहर भ्रमण के लिए निकले भगवान श्री कृष्ण की पालकी को कांधा देने के लिए श्रृद्धालुओं का उल्लास देखते ही बन रहा था। डीजे की धुन में यादव समाज के लोग अपने इष्ट देव की भक्ति में झूमते- नाचते नजर आए। सर्व यादव समाज की धूमधाम से निकली इस भव्य एवं विशाल शोभायात्रा का नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न संस्था-संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

वहीं भक्तों में स्वल्पाहार प्रसादी आदि का वितरण किया गया। नगर भ्रमण कर सांहड़ा देव मंदिर पहुंचने पर भगवान श्री कृष्ण की आरती-पूजन किया गया और लोगों में प्रसादी वितरण कर इसका समापन किया गया। इस दौरान शहर में पुलिस की कड़ी व्यवस्था रही।

# क्रीड़ा भारती के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



रायपुर (दावा)। आज क्रीड़ा भारती के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाक़ात की।

मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में छतीसगढ़ के खिलाड़ियों को अलंकरण प्रदान करने के लिये धन्यवाद दिया और उत्कृष्ट खिलाड़ियों के चयन समिति गठन किए जाने के लिए आभार प्रकट किया, खेल मंत्री टंकराम के प्रति भी आभार व्यक्त किया। सरकार द्वारा खिलाड़ियों के हित में लिए गए निर्णयों के लिए आभार जताया। छतीसगढ़ में खेल संस्कृति को आगे बढ़ाने हेतु राज्य खेल महोत्सव आयोजित करने का आग्रह किया।

प्रतिनिधि मंडल में छतीसगढ़ प्रांत के अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रांत मंत्री सुमित उपाध्याय, प्रांत उपाध्यक्ष नीता डुमरे, हर्षा साहू, छगन सोनवानी, सौरव सोनी एवं सतीश यादव उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण जी की भव्य शोभायात्रा हर्षोल्लास व उमंग से शहर भ्रमण की




राजनांदगांव (दावा)। भगवान श्री कृष्ण जी के अवतरण दिवस पर संस्कारधानी नगर राजनांदगांव में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कृष्ण जी की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर, भक्तगण आशीर्वाद प्राप्त किये। शहर के साहडा देव मंदिर, लक्ष्मी बाई स्कुल के पास कोसरिया यादव समाज द्वारा श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान श्री कृष्ण जी की पूजा अर्चना की गई। दोपहर को विभिन्न वार्डो से भगवान श्री कृष्ण जी की शोभायात्रा निकलकर साहडा़ देव मंदिर लक्ष्मी बाई स्कुल के पास एकत्रित हुई।

कोसरिया यादव समाज के गणमान्यों व जिला अध्यक्ष मन्ना लाल यादव के आतिथ्य मे ईष्ठ देव भगवान श्री कृष्ण जी की पूजा आरती कर समाज को संबोधित करते हुवे कहा कि भगवान श्री कृष्ण जी यादव कुल में जन्म लेकर यादवों को गौ पालक के रुप मे उपकृत किया है। बुराई पर अच्छाई की जीत व पुण्य की रक्षाकर जीवन को शाश्वत प्रेम श्रद्धा व मानवतावादी संदेश देकर जनमानस को सचेत किया। जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर उपस्थित जनो को बधाई व शुभकामनाये दी। तदपश्चात भगवान श्री कृष्ण जी की एकत्रित शोभायात्रा को जयकारा लगाकर शुभारंभ किया।

शोभायात्रा में राउत नाच, रामधुनी दल डीजे बाली अखाडा दल के साथ लोग नाचते थिरकते खुशी के साथ भक्तिमय होके जय यादव-जय माधव के नारा लगाते हुवे आंनद उठाये। जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। नगरवासियो द्वारा पानी शरबत परसादी का भी प्रबंध किया गया। शोभायात्रा स्टेशन चौक, दिल्ली दरवाजा, भारतमाता चौक, बसंतपुर थाना चौक, दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक, जमातपारा गुरूद्वारा चौक, इमाम चौक, होते हुवे साहडा देव मंदिर पहुचीं। जहां पूजा अर्चना कर परसादी वितरण कर शोभायात्रा का समापन किया गया।

# चम्पू का इस्तीफा नहीं मिला, मैने एमआईसी से हटाया- हेमा देशमुख

## महापौर ने कहा - आरोप तथ्यहीन एवं निराधार

राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सोशल मिडिया एंव पेपर में पार्षद राजेश गुप्ता चम्पू द्वारा लगाए गये आरोप पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये समस्त आरोपों को गलत, तथ्यहीन, निराधार एवं मेरी व्यक्तिगत छवि खराब करने वाला बताया।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि राजेश गुप्ता पार्षद के घर में जुआँ, सट्टा खेलने एवं खिलाने के विरूद्ध बसंतपुर थाना ने कार्यवाही कर दस लाख रूपये बरामद किये थे, जिसमें थाना के द्वारा अपराधिक कानूनी धारा के तहत कार्यवाही की गई थी और राजेश गुप्ता अभी जमानत पर है। इसी प्रकार 2023 के विधानसभा चुनाव में डोंगरगढ़ सुरक्षित सीट से कांग्रेस की टिकट दिलाने के लिये डोंगरगढ़ निवासी श्रीमती नलिनी मेश्राम से राशि की मांग की गई थी, चुनाव में टिकिट न मिलने के कारण चुनाव के बाद श्रीमती नलिनी मेश्राम ने इसकी शिकायत पार्टी पदाधिकारियों एंव पुलिस से की थी, जिसमें शिकायत की तिथि 28.10.2023 अंकित है आवेदन की प्रति सोशल मिडिया में उपलब्ध है। इनके द्वारा मुझे अभी तक त्याग पत्र नहीं प्राप्त हुआ है जबकि आज 27 अगस्त 2024 को इन्हें महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य से पृथक कर दिया गया है।

महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने राजेश गुप्ता को चेतावनी देते हुये कहा कि उन्होने उनके द्वारा लगाये गये मिथ्या एवं निराधार आरोप वापस नही लिये तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा।

# सनसिटी में जन्माष्टमी महोत्सव की धूम मची

राजनांदगांव (दावा)।25 अगस्त श्री कृष्ण जन्माष्टमी के एक दिन पूर्व सन सिटी परिवार में संपन्न हुए जन्माष्टमी महोत्सव की धूम मची, ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो सन सिटी बरसाने के रंग में रंग नजर आया, दोपहर को ढोल की थाप के बीच शुरू हुई छोटे-छोटे कान्हा जी के श्रृंगार से सजी विशाल शोभा यात्रा मे बच्चे, महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग सभी की उपस्थिति ने इसे और भी शानदार बना दिया।



योगा शेड में एक से बढ़कर एक सजे कान्हा जी का दरबार लगाया गया, जिन्होंने सबका मन मोह लिया। सभी के द्वारा प्रसाद के लिए दिए गए छप्पन भोग की सामग्री को श्रीमती शांता माहेश्वरी जी के नेतृत्व में बेहतरीन ढंग से सजाया गया। शाम 7 बजे महाआरती हुई इसके बाद हाई टी की व्यवस्था रखी गई। रात 8.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें में दी गई सभी प्रस्तुति शानदार रही। नृत्य नाटिका, कृष्ण भगवान पर क्वीज, भजन गायन, सामूहिक नृत्य, रास गरबा ने सभी का मन मोह लिया, पूरा सन सिटी परिसर बरसाना, नंदगांव, वृंदावनमय नजर आ रहा था, रात ठीक 12 बजे श्री कृष्ण जन्मोत्सव व आरती हुई तथा पंजरी प्रसाद वितरण किया गया। अनिल पटेल ने श्री कृष्ण जी बन कर पूरे माहौल को कृष्णमय कर दिया था, बहुत सुंदर नजर आ रहे थे। इतने भव्य व सफल आयोजन हेतु कार्यक्रम के सभी संयोजक एवं प्रभारियों को अध्यक्ष आनंद चोपड़ा ने धन्यवाद व आभार प्रकट किया जिनके अथक प्रयास से ये बहुत ही सफल रूप में संपन्न हुआ, सन सिटी कार्यकारिणी से अशोक अग्रवाल, राजेश डागा, सुशील माहेश्वरी, अतुल चोपड़ा सभी लोग पूरी तैयारी में साथ रहे।

समस्त कार्यक्रम के संयोजक प्रभारी व में दीप्ति बिंदल, नीलू अग्रवाल, रूपाली गांधी, पिंकी माहेश्वरी, रितिका पांडे तिवारी, विभा गुप्ता, रूपा कोटक, प्रगति साहिता, प्रिया भोजानी, प्रतिभा अग्रवाल, गीता डागा थे। यह जानकारी पीआरओ मनीष साहिता व योगेश कोटक द्वारा दी गई।

# कलेक्टर ने गंभीरतापूर्वक जनदर्शन में जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी शिकायतें एवं समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।



विभागीय अधिकारियों को जनसामान्य की समस्याओं को शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

कलेक्टर श्री अग्रवाल को आज जनदर्शन में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम डीलापहरी के दिव्यांग कुमार वर्मा और ग्राम जोगीदल्ली के दिव्यांग श्री ठाकुर राम निर्मलकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए आवेदन किया। इसी तरह ग्राम पेटेश्री निवासी गणेश निषाद ने पेंशन योजना से लाभान्वित करने कहा। कौरिनभांठा निवासी श्रीमती संगीता मेश्राम ने राशन कार्ड से नाम विलोपित करने के लिए आवेदन किया। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम केसली निवासी महावीर कलार ने ऋष्टा पुस्तिका बनाने तथा ग्राम मेढ़ा निवासी संतोष कुमार चक्रधारी ने सीमांकन कराने के लिए आवेदन किया। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम गातापार निवासी तीजु सोनकर ने मुर्गीपालन और श्रीमती देवबती सोनकर ने बकरी पालन के लिए सहयोग राशि प्रदाय के लिए आवेदन किया।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# महावीर चौक में दही हांडी स्पर्धा का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। गोविंदा उत्सव समिति के अध्यक्ष वरूण पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष महावीर चौक में भव्य दही लूट का आयोजन किया जायेगा। जिसमें गोंदिया महाराष्ट्र की टीम इसमें हिस्सा लेगी साथ ही दुर्ग, बेमेतरा आस पास जिले के टीम भी इसमें हिस्सा लेगी। कार्यक्रम के भव्य बनाने के लिये समिति के द्वारा सजावट भी किया गया है। दही मटकी 51 फीट ऊंची केन के द्वारा किया जायेगा। जिसमें समिति के अध्यक्ष वरूण पाण्डेय द्वारा जनता से अपील की गई है कि आगे आकर इस कार्यक्रम में आकर दही हांडी कार्यक्रम का आनंद ले और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

**51 फीट ऊंची क्रेन, आकर्षक डी.जे. लाईटिंग के साथ**

# विज्ञान शिक्षिका का बच्चों के साथ दुर्व्यवहार और फेल करने की धमकी से आक्रोशित स्कूली छात्राओं ने प्रशासन के समक्ष न्याय की गुहार लगाई

## मुढ़ीपार से छोटा हाथी वाहन में बैठकर जिला प्रशासन के समक्ष ज्ञापन देने पहुंची स्कूली छात्राएं

डोंगरगढ़ (दावा)। खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम मुढ़ीपार स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययनरत छात्राओं ने विज्ञान शिक्षिका के दुर्व्यवहार एवं धमकियों से आहत होकर जिला प्रशासन के पास शिकायत लेकर पहुंची। शिक्षिका के दुर्व्यवहार से आक्रोशित छात्राओं ने जान जोखिम में डालकर छोटा हाथी में सवार होकर जिला कार्यालय पहुंची थी।

विज्ञान शिक्षिका पर गंभीर आरोप लगाते हुए छात्राओं ने वरिष्ठ अधिकारियों को दिए गए ज्ञापन में कहा है की विज्ञान संकाय की शिक्षिका माह में केवल 10 से 12 ही दिन पढ़ाने आती है। प्रशासन द्वारा शिक्षिका श्रीमति दामिन सिंह को जीवविज्ञान विषय पढ़ाने हेतु शाला में नियुक्त किया गया है। परन्तु शिक्षिका द्वारा नियमित कक्षा न लेने पर पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शाला खुले 2 माह हो गये पर शिक्षिका दामिनी सिंह द्वारा मात्रा 10-12 दिन ही क्लास लेने आई है। शाला बैठक में शिकायत करने पर जब मैडम को बोला गया तो मैडम द्वारा हम सभी छात्र/छात्राओं को स्टॉफ रूम में बुला कर प्रेक्टिकल में फेल करने कि धमकी दी गई।



मामला - खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम मुढ़ीपार स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल

### वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने भटकती रही छात्राएं, एसडीएम द्वारा दिया गया आश्वासन

विज्ञान संकाय की शिक्षिका के खिलाफ छात्राएं पहले जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय खैरागढ़ पहुंची थी। किंतु जिला शिक्षा अधिकारी कलेक्टर द्वारा आयोजित बैठक में व्यस्त थे। इसकी जानकारी मिलते ही विद्यार्थियों ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय का रुख किया। अपने भविष्य को अंधकार में जाने से बचाने के लिए विद्यार्थी एक किलोमीटर पैदल चलकर कलेक्ट्रेट के सभागृह पहुंच गए। जहां कलेक्टर की बैठक चल रही थी। जिला कार्यालय में बच्चों की भीड़ देखकर जिला पंचायत सदस्य और सभापति विप्लव साहू भी कलेक्ट्रेट पहुंचे।

### एसडीएम द्वारा मामले में हस्तक्षेप कर दिया गया आश्वासन

बच्चों को रोते हुए देखकर खैरागढ़ एसडीएम टंकेशर प्रसाद साहू बच्चों से मिलने पहुंचे। इस दौरान विद्यार्थियों ने एसडीएम को शिक्षिका दामिनी सिंह के द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार और मनमानी के बारे में रोते हुए बताया। इसके साथ ही उन्होंने एसडीएम को लिखित शिकायत भी सौंपी। जिसके बाद एसडीएम ने बच्चों को त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और स्कूल वापस भेजा।

### शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को लगाई फटकार

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने स्कूली बच्चों के मामले की जानकारी मिलने पर बीईओ नीलम राजपूत और जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी को तत्काल समस्या का समाधान करने के लिए बाहर भेजा. लेकिन, डीईओ और बीईओ ने उल्टा बच्चों पर ही कलेक्टर का गुस्सा उतार दिया, जिससे बच्चे घबरा कर रोने लगे।

# आज होगा कमला कॉलेज चौक का भव्य दही लूट



राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर अवतार कल्चरल सोसाइटी के तत्वावधान में 28 अगस्त बुधवार को कमला कालेज चौक में समय शाम 4 बजे से भव्य दही हांडी लूट का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष मोहन साहू ने बताया कि यह आयोजन का 14वां वर्ष है। दही हांडी में प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र गोंदिया, मध्यप्रदेश,रायपुर दुर्ग सहित अंचल की कई टोली भाग लेगी। दही लूटने वाली टोली को 71000 हजार का इनाम दिया जायेगा। मुम्बई की तर्ज पर हाईटेक मशीनरी का उपयोग कर हाईड्रा मशीन पर मटकी लटकाई जायेगी। जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित इस आयोजन में युवा, बच्चों और दर्शकों के थिरकने के लिए डीजे, ड्रोन कैमरा, एलईडी स्क्रीन भी लगाया जायेगा।

**किराये से देना है**

कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।

-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007

**आवश्यकता है**

रात्रिकालिन चौकीदार एवं हेल्पर की आवश्यकता है।

-: संपर्क करें :-
दैनिक दावा
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो. 9300414726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com